www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**

अधिकतम तापमान 30.c

27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 98.755g

चांदी 107,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 5 हजार सरकारी स्कूल बंद करके, विश्व गुरु बनेगा भारत?

स्वच्छता अभियान के तहत बाजारों में विशेष मुहिम 04

वर्ष :09 | अंक :37 | मुंबई, सोमवार, 28 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

## सिनेमा घर को लाइसेंस देने का अधिकार दिल्ली पुलिस से वापस लेकर सरकार को सौंपा गया

दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने सिनेमा घर, थिएटर और मल्टीप्लेक्स को लाइसेंस देने का अधिकार पुलिस से वापस लेकर सरकार को दे दिया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज निवास की ओर से शुक्रवार को जारी एक आदेश में, उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वह संबंधित पुलिस अधिकारियों को चलचित्र अधिनियम के तहत लाइसेंस देने से संबंधित मामलों से तत्काल प्रभाव से अलग रहने का निर्देश दें। अधिकारी ने बताया कि लाइसेंसिंग व्यवस्था को और उदार बनाने तथा दिल्ली में कारोबार को सुगम बनाने के उद्देश्य से उठाए गए इस कदम के तहत संबंधित जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता वाली समिति के पास चलचित्र अधिनियम, 1952 के तहत लाइसेंस देने की सिफारिश करने का अधिकार होगा। समिति में संबंधित एमसीडी जोन के उपायुक्त, लोक निर्माण विभाग के सचिव की ओर से नामित एक संरचनात्मक इंजीनियर, दिल्ली अग्निशमन सेवा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी की ओर से नामित एक अग्नि सुरक्षा विशेषज्ञ और बिजली विभाग के सचिव की ओर से नामित एक विद्युत प्रणाली विशेषज्ञ शामिल होंगे। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का एक प्रतिनिधि भी जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामित किया जाएगा।

## सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ जारी, चार माओवादियों का शव बरामद

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच जारी मुठभेड़ में अब तक चार माओवादियों के शव बरामद किये गये हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिले के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने पर सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान शाम (शनिवार) से ही सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने अब तक मुठभेड़ स्थल से चार माओवादियों के शव और इंसास, एसएलआर राइफलों सहित कई अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री व दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की हैं। उन्होंने बताया कि चूंकि अभियान अभी भी जारी है, इसलिए मुठभेड़ के स्थान, अभियान में शामिल सुरक्षाबलों की संख्या तथा अन्य संवेदनशील जानकारी इस समय साझा नहीं की जा सकती। अधिकारियों ने बताया कि अभियान पूरी होने के बाद विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़, 6 की मौत ,29 घायल

## मंदिर से 25 सीढ़ी पहले हादसा, चश्मदीद बोला- तार में करंट उतरा, पुलिस बोली- ये अफवाह

**भीषण भगदड़**


हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में श्रावण मास की भीड़ के दौरान बिजली के झटके की अफवाह से भीषण भगदड़ मच गई। इस हृदय विदारक हादसे में 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए, जिनका इलाज जारी है। मुख्यमंत्री ने तुरंत संज्ञान लेकर राहत कार्यों में तेजी के निर्देश दिए हैं।

एजेंसी

उत्तराखंड के हरिद्वार में स्थित प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में रविवार सुबह एक भीषण भगदड़ मच गई, जिसमें कम से कम छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है। इस दुखद घटना के बाद राज्य में शोक का माहौल है। घटना का कारण और शुरूआती जानकारीप्रारंभिक जानकारी के अनुसार, श्रावण मास के चलते मनसा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। पुलिस के वरिष्ठ अधीक्षक (एसएसपी) प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने बताया कि भगदड़ मंदिर मार्ग से लगभग 100 मीटर नीचे सीढ़ियों पर बिजली का झटका लगने की अफवाह फैलने के बाद मची। इस अफवाह के कारण लोगों में अफरा-तफरी मच गई, जिसके परिणामस्वरूप भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि, भगदड़ के सटीक और विस्तृत कारणों की पुष्टि के लिए पुलिस द्वारा गहन जाँच जारी है। एसएसपी डोभाल ने जानकारी दी, 'हमें कुछ लोगों के घायल होने की सूचना मिली थी।



### मुख्यमंत्री का संज्ञान और राहत कार्य



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस हादसे पर तुरंत संज्ञान लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), स्थानीय पुलिस और अन्य बचाव दल घटनास्थल पर पहुँच गए हैं

**यूपी के 4 श्रद्धालुओं की मौत, सीएम योगी ने 2-2 लाख के मुआवजे का किया ऐलान**

### हरिद्वार मनसा देवी मंदिर भगदड़ में 6 की मौत, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने जताया दुख



हरिद्वार: उत्तराखंड के हरिद्वार मनसा देवी मंदिर मार्ग पर मची भगदड़ में अब तक 6 लोगों की मौत हो गई. अभी मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है. जबकि, 25 से ज्यादा लोग घायल हो गए. बताया जा रहा है कि मनसा देवी मंदिर परिसर में करंट लगने की अफवाह से भगदड़ मची. इस घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है. मनसा देवी मंदिर मार्ग पर भगदड़ में 6 की मौत: जानकारी के मुताबिक, यह हादसा आज यानी 27 जुलाई की सुबह करीब 8 से 8.30 बजे के बीच हरिद्वार मनसा देवी मंदिर मार्ग के सीढ़ियों पर हुआ.

# सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्र सुरक्षा सर्वोपरि : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में आदि तिरुवथिराई महोत्सव में हिस्सा लेकर भारतीय संस्कृति, चोल साम्राज्य की महानता और राष्ट्र सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने सेंगोल की स्थापना और वर्तमान भारत की सुरक्षा प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए 140 करोड़ भारतीयों के कल्याण की कामना की।


एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तमिलनाडु के गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में आयोजित आदि तिरुवथिराई महोत्सव में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत और राष्ट्र की सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने 140 करोड़ भारतीयों के कल्याण और देश की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की।

### आध्यात्मिक अनुभव और काशी का नाता

कार्यक्रम के दौरान जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'मैं तो काशी का सांसद हूं और जब मैं 'ॐ नमः शिवाय' सुनता हूं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। शिव दर्शन की अद्भुत ऊर्जा, श्री इलैयाराजा का संगीत और मंत्रोच्चार, यह आध्यात्मिक अनुभव मन को भावविभोर कर देता है।' उन्होंने भगवान शिव से सभी पर कृपा बरसाने की प्रार्थना करते हुए 'हर हर महादेव' का जयघोष किया। यह उस भारत के सपने की प्रेरणा है, जिसे लेकर आज हम विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चोल राजाओं ने भारत को सांस्कृतिक एकता में पिरोया था और आज केंद्र सरकार चोला युग के उन्हीं विचारों को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने काशी-तमिल संगमम्‌ और सौराष्ट्र-तमिल संगमम्‌जैसे आयोजनों का उदाहरण दिया, जिनके माध्यम से सदियों पुराने एकता के सूत्रों को मजबूत किया जा रहा है।

### गंगईकोंडा चोलपुरम से पीएम मोदी का संदेश




### चोल साम्राज्य की विरासत और विकसित भारत का लक्ष्य

प्रधानमंत्री ने चोल राजाओं के राजनयिक और व्यापारिक संबंधों के विस्तार का उल्लेख किया, जो श्रीलंका, मालदीव और दक्षिण-पूर्व एशिया तक फैले हुए थे। उन्होंने इस बात पर भी गौर किया कि वे एक दिन पहले ही मालदीव से लौटे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि चोल साम्राज्य का इतिहास और उसकी विरासत भारत के वास्तविक सामर्थ्य का प्रतीक है

# 'सोने की चिड़िया' नहीं, अब भारत को 'शेर' बनने का समय आ गया है: आरएसएस प्रमुख

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भागवत केरल के कोच्चि में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन को संबोधित किया.

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि योगी अरविंद ने कहा कि सनातन धर्म का उत्थान ईश्वर की इच्छा है और सनातन धर्म के उत्थान के लिए हिंदू राष्ट्र का उदय नियत है. ये उनके शब्द हैं, और हम देखते हैं कि आज की दुनिया को इस दृष्टिकोण की आवश्यकता है. इसलिए, हमें पहले यह समझना होगा कि भारत क्या है.

एजेंसी

कोच्चिः आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया शक्ति को समझती है और इसलिए भारत को आर्थिक रूप से भी सशक्त और समृद्ध बनना होगा. भागवत ने कहा कि भारत को अब सोने की चिड़िया बनने की जरूरत नहीं है, बल्कि अब शेर बनने का समय आ गया है. आरएसएस से जुड़े शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन 'ज्ञान सभा' में बोलते हुए उन्होंने कहा, यह जरूरी है क्योंकि दुनिया शक्ति को समझती है. इसलिए भारत को सशक्त बनना चाहिए. उसे आर्थिक रूप से भी समृद्ध बनना होगा. भागवत ने यह भी कहा कि भारत, व्यक्तिवाचक संज्ञा है, इसका अनुवाद इस रूप में नहीं किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा, भारत एक व्यक्तिवाचक संज्ञा है. इसका अनुवाद 'इंडिया, भारत' नहीं होना चाहिए. यह सच है. लेकिन भारत, भारत ही है. इसलिए, बातचीत, लेखन और भाषण के दौरान, चाहे वह व्यक्तिगत हो या सार्वजनिक, हमें भारत को भारत ही रखना चाहिए.



# 'अभी से इतना हंगामा क्यों, आपत्ति दर्ज करने के लिए 1 महीने का है समय'

## बिहार एसआईआर पर बोला चुनाव आयोग

एजेंसी

बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत 99.8 फीसदी मतदाताओं को कवर किया जा चुका है. चुनाव आयोग ने रविवार (27 जुलाई 2025) को बताया कि पहले चरण के समापन के बाद 7.24 करोड़ (91.69 फीसदी) मतदाताओं से गणना फार्म प्राप्त हो गए हैं. आयोग ने बताया कि 36 लाख लोग या तो अपने पिछले पते से स्थायी रूप से पलायन कर चुके हैं या फिर उनका कोई पता ही नहीं है.

### 22 लाख मतदाता मृत पाए गए

चुनाव आयोग के मुताबिक लगभग 7 लाख ऐसे मतदाताओं की पहचान हुई है, जो एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत हैं. लगभग 1.2 लाख मतदाताओं के एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं. करीब 22 लाख मृत मतदाताओं की सूचना प्राप्त हुई. मुख्य तौर पर जानकारी सामने कि करीब 65 लाख मतदाताओं के नाम काटेंगे और करीब 7 करोड़ 24 लाख मतदाताओं ने अपना फॉर्म भरा जिनके नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में आएंगे.

### 'आपत्ति दर्ज करने के लिए 1 महीने का है समय'

चुनाव आयोग ने कहा, ₹जब किसी भी नाम को गलत तरीके से शामिल या गलत तरीके से बाहर करने के लिए 1 अगस्त से 1 सितंबर तक का पूरा एक महीना उपलब्ध है तो वो अभी से इतना हंगामा क्यों मचा रहे हैं? उन्होंने (राजनीति दल) अपने 1.6 लाख बीएलए को 1 अगस्त से 1 सितंबर तक दावे और आपत्तियां प्रस्तुत करने के लिए क्यों नहीं कहा?

### ड्राफ्ट सूची अंतिम सूची नहीं- चुनाव आयोग

चुनाव आयोग ने कहा, कुछ लोग यह धारणा क्यों बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि ड्राफ्ट सूची ही अंतिम सूची है, जबकि ऐसा नहीं है, जैसा कि एसआईआर के आदेशों में है? वैसे लोग जा अपने पते पर नहीं मिले उसे लेकर चुनाव आयोग ने कहा, ₹ये लोग या तो दूसरे राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता बन गए हैं।



# ऑपरेशन सिंदूर से लेकर अंतरिक्ष मिशन तक, बच्चों को मिलेगी भारत की 'असली ताकत' की शिक्षा!

## एनसीईआरटी ला रहा सैन्य-अंतरिक्ष गौरवगाथा के नए अध्याय

'ऑपरेशन सिंदूर' से लेकर अंतरिक्ष मिशन तक, एनसीईआरटी स्कूली किताबों में 'नया भारत' ला रहा है। नए अध्यायों में भारत की सैन्य शक्ति, चंद्रयान और आदित्य एल1 जैसे बड़े अंतरिक्ष मिशन, और पर्यावरण संरक्षण के लिए 'मिशन लाइफ' को शामिल किया जाएगा, जिससे छात्र देश की प्रगति और चुनौतियों से अवगत हो सकें।

एजेंसी

अब स्कूली बच्चे भारत की सैन्य शक्ति, अंतरिक्ष में उसकी बढ़ती ताकत और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों के बारे में अपनी किताबों में पढ़ पाएंगे। शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद जल्द ही अपने पाठ्यक्रम में 'ऑपरेशन सिंदूर', 'मिशन लाइफ' और भारत के बड़े अंतरिक्ष मिशन जैसे चंद्रयान, आदित्य एल1 के साथ-साथ भारतीय वायुसेना के पायलट शुभांशु शुक्ला के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन मिशन को शामिल करेगा।




# 24 घंटे में सम्राट चौधरी को गोली मार दूंगा..

## बिहार के डिप्टी सीएम को धमकी भरे कॉल के बाद पुलिस अलर्ट

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी है. जिसके बाद उनकी सुरक्षा टीम अलर्ट हो गई है-

एजेंसी

पटनाः बिहार में एक बार फिर एक वरिष्ठ नेता को जान से मारने की धमकी मिलने की खबर सामने आई है. इस बार निशाने पर राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं. उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कॉल और मैसेज के जरिए जान से मारने की धमकी दी गई है. बता दें कि इससे पहले केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा को धमकी दी गई थी. धमकी मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई : जानकारी के अनुसार, सम्राट चौधरी के कार्यकर्ता को धमकी भरा कॉल आया. जिसमें कहा गया कि "सम्राट चौधरी को 24 घंटे के अंदर गोली मार दूंगा, सच कह रहा हूं." उनकी सुरक्षा टीम ने तुरंत मामले को गंभीरता से लिया और इसकी सूचना पटना पुलिस को दी. इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने मोबाइल नंबर 6367263657 की प्राथमिक जांच शुरू की.ट्रूकॉलर पर दिखा नाम 'विक्रम यादव' : प्रारंभिक जांच में ट्रूकॉलर ऐप पर इस नंबर को विक्रम यादव के नाम से रजिस्टर पाया गया.



# राजद से निष्कासित तेज प्रताप यादव का बड़ा ऐलान

## निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव

राजद से निष्कासित हुए तेज प्रताप यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव में वैशाली की महुआ सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लड़ने की घोषणा की है। लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप ने नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि वे चुनाव के बाद मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे, जिससे बिहार की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

एजेंसी

बिहार की राजनीति में एक नया मोड आ गया है। राष्ट्रीय जनता दल से हाल ही में निष्कासित हुए पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने घोषणा की है कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में वैशाली जिले की महुआ सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लडेंगे। तेज प्रताप यादव वर्तमान में समस्तीपुर जिले की हसनपुर सीट से विधायक हैं। शनिवार शाम को अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए, तेज प्रताप ने अपने इरादे साफ कर दिए। उन्होंने कहा, 'हां, इस बार मैं महुआ विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ूंगा। मेरे विरोधियों को जरूर खुजली होने लगी होगी।



**धमकी** आवास के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी

# एक्टर-राजनेता विजय के घर पर बम की धमकी

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकप्रिय अभिनेता और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के अध्यक्ष विजय के चेन्नई स्थित नीलंकरई, ईस्ट कोस्ट रोड (ईसीआर) स्थित आवास पर आज सुबह मिली बम की धमकी एक अफवाह निकली। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। चेन्नई पुलिस नियंत्रण कक्ष को सुबह लगभग 5:20 बजे एक कॉल आया, जिसमें दावा किया गया था कि अभिनेता-राजनेता के घर पर बम रखा गया है। धमकी मिलते ही, तीन बम निरोधक दस्ते के विशेषज्ञों और एक खोजी कुत्ते को तुरंत विजय के आवास पर भेजा गया। लगभग एक घंटे की गहन तलाशी के बाद, बम निरोधक दस्ते ने पुष्टि की कि परिसर में कोई विस्फोटक नहीं मिला। अधिकारियों ने इस धमकी को एक अफवाह बताया और अपनी जांच पूरी करने के बाद परिसर से चले गए। नीलंकरई पुलिस स्टेशन ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। पुलिस को धमकी मिलने के बाद तीन बम डिटेक्शन और डिस्पोजल स्क्वाड और एक स्निफर डॉग यूनिट को तुरंत विजय के घर पर भेजा गया और जांच शुरू की गई। लगभग एक घंटे की जांच के बाद बम डिटेक्शन और डिस्पोजल स्क्वाड की टीम ने पुष्टि की अभिनेता के घर में कोई बम नहीं है। अधिकारियों ने इसे एक अफवाह बताया और जांच पूरी करने के बाद वापस चले गए। इसके अलावा नीलांकरई पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि जब पुलिस को ये फोन आया उस वक्त अभिनेता विजय घर पर नहीं थे। हालांकि, एक्टर की फैमिली और उनके घर का स्टॉफ घर में ही थे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर मामले को संभाल लिया और जांच की। पुलिस ने आगे बताया, ह्यधमकी मिलते ही, तीन बम निरोधक दस्ते और एक खोजी कुत्ते को तुरंत विजय के आवास पर भेजा गया. लगभग एक घंटे की जांच के बाद, बम निरोधक दस्ते ने पुष्टि की कि घटनास्थल पर कोई विस्फोटक नहीं मिला. अधिकारियों ने इसे एक अफवाह बताया और जांच पूरी करने के बाद परिसर से चले गए. नीलंकरई पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है.




अभिनेता विजय के चेन्नई स्थित आवास पर मिली बम की धमकी आज सुबह खूब सुर्खियां बटोरीं, लेकिन पुलिस की त्वरित जांच में यह सिर्फ एक अफवाह निकली। बम निरोधक दस्ते ने गहन तलाशी के बाद पुष्टि की कि परिसर में कोई विस्फोटक नहीं मिला, जिससे प्रशंसकों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

# बिहार में अपराध पर घमासान, चिराग पासवान पर बिफरे तेजस्वी यादव



बिहार में बढ़ते अपराधों और लचर कानून-व्यवस्था पर चिराग पासवान की टिप्पणी के बाद राजद नेता तेजस्वी यादव ने उन पर तीखा हमला बोला। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि चिराग नीतीश सरकार में शामिल होकर भी अपराध और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सिर्फ अफसोस जता रहे हैं, न कि कोई कार्रवाई कर रहे हैं, जिससे उनकी कुर्सी का मोह उजागर होता है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। राज्य में बढ़ते अपराधों के कारण नीतीश सरकार लगातार विपक्ष के निशाने पर है। सिर्फ.विपक्ष ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगी दल लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के नेता चिराग पासवान भी नीतीश सरकार की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। हाल ही में, होमगार्ड परीक्षा के लिए आई एक महिला के साथ हुए गैंगरेप की घटना को लेकर चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला था। अब, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने चिराग पासवान को आड़े हाथों लिया है। चिराग पासवान के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, 'हम लगातार कहते रहे हैं कि बिहार में कानून-व्यवस्था आपराधिक अराजकता में बदल गई है। अपराधी 'विजय' और 'सम्राट' बन गए हैं। चिराग पासवान इस पर सिर्फ.अफसोस जता रहे हैं, यानी वो मानते हैं कि वो सरकार का हिस्सा हैं, लेकिन अफसोस जताने के अलावा वो कुछ नहीं कर सकते। इससे पता चलता है कि वो एक कमजोर मंत्री हैं, एक कमजोर सहयोगी हैं।

## सम्पादकीय

### खुद को क्षति पहुंचाती कांग्रेस, खतरे में बची-खुची राजनीतिक जमीन

विपक्ष को चुनाव आयोग के इस सवाल का भी जवाब देना चाहिए कि आखिर अनुचित तरीके से वोटर बने और बनाए गए लोगों को मतदान का अधिकार कैसे दिया जा सकता है ? चुनाव आयोग ने यह पाया है कि बिहार में 60 लाख से अधिक लोग ऐसे हैं जो इस राज्य में वोट डालने के अधिकारी नहीं हैं। क्या चुनाव आयोग ऐसे लोगों की अनदेखी कर दे संसद के मानसून सत्र का पहला सप्ताह बीत गया और इस पूरे सप्ताह दोनों सदनों में बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआइआर ) के चुनाव आयोग के फैसले पर विपक्ष हंगामा करता रहा। उसने यह हंगामा संसद के बाहर भी किया।राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर खास तौर पर निशाना साधा। पिछले दिनों उन्होंने यह भी कह दिया कि कर्नाटक के एक चुनाव क्षेत्र में धांधली हुई थी। उन्होंने चुनाव आयोग को एक तरह से धमकी दे डाली, जो कि संवैधानिक संस्था है। चूंकि राहुल गांधी कांग्रेस के सबसे प्रभावशाली नेता हैं, इसलिए पार्टी के अन्य नेता भी उनकी बात आगे बढ़ाने में लगे रहते हैं। लगता है विपक्ष ने ठान लिया है कि वह मतदाता सूची के सत्यापन के चुनाव आयोग के फैसले पर हंगामा करता ही रहेगा। यह हंगामा सुप्रीम कोर्ट की ओर से बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन के फैसले को सही ठहराने के बाद भी किया जा रहा है। शायद सत्तापक्ष ने भी मान लिया है कि विपक्ष इस मुद्दे के साथ ही अन्य कुछ मुद्दों पर हंगामा करता रहेगा। हो सकता है वह इस हंगामे के बीच ही कुछ विधेयक पास कराने की कोशिश करे। संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए विभिन्न मुद्दों पर संसद के भीतर-बाहर हंगामा करना विपक्ष की आदत बन गई है। पिछले 8-10 वर्षों से ऐसी आदत का परिचय कुछ ज्यादा ही दिया जा रहा है बिहार में इसी वर्ष के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके पहले चुनाव आयोग ने इस राज्य में मतदाता सूची का सत्यापन कराना जरूरी समझा। उसकी यह प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अब तो उसने यह भी कह दिया है कि वह सारे देश में मतदाता सूचियों का सत्यापन करेगा, क्योंकि यह किसी भी चुनाव में आवश्यक होता है कि वैध मतदाता ही वोट देने का अधिकार रखें। यह सही बात है। आखिर इसका क्या मतलब कि जो लोग वैध मतदाता नहीं हैं अथवा स्थायी रूप से अन्य कहीं बस गए हैं या फिर बाहरी देशों के लोग और यहां तक कि घुसपैठिए हैं, वे भी चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा ले सकें ? विपक्ष को चुनाव आयोग के इस सवाल का भी जवाब देना चाहिए कि आखिर अनुचित तरीके से वोटर बने और बनाए गए लोगों को मतदान का अधिकार कैसे दिया जा सकता है ? चुनाव आयोग ने यह पाया है कि बिहार में 60 लाख से अधिक लोग ऐसे हैं, जो इस राज्य में वोट डालने के अधिकारी नहीं हैं।

## आज का विचार

**सही मौके पर खड़े होकर बोलना एक साहस है उसी प्रकार खामोशी से बैठकर दूसरों को सुनना भी एक साहस है।**

भारत संवाद

## राशिफल

**मेष राशि:** करियर: काम में सफलता मिलेगी और आत्मविश्वास बढ़ेगा. पढ़ाई और काम दोनों में फोकस रखना फायदेमंद होगा. बिजनेस: दोस्त की मदद से पैसे कमाने के नए अवसर मिल सकते हैं. धन: आय में वृद्धि होगी और आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी. शिक्षा: पढ़ाई में ध्यान देने की जरूरत है. स्कूल या कॉलेज का काम समय पर करें. लव/पारिवारिक: माँ का स्वास्थ्य बेहतर होगा और पारिवारिक सहयोग मिलेगा.

**वृषभ राशि :** करियर: इंटरव्यू या प्रोफेशनल कार्यों में सफलता की संभावना है. बिजनेस: पुराने प्रोजेक्ट्स या काम से लाभ होगा. धन: खर्चों में वृद्धि हो सकती है. पैसों का सही उपयोग करें. शिक्षा: पढ़ाई में कुछ रुकावटें आ सकती हैं, लेकिन आप मेहनत से आगे बढ़ेंगे. लव /पारिवारिक: परिवार में चल रही समस्याएं धीरे-धीरे सुलझेंगी. उपाय: माता लक्ष्मी को कमल का फूल चढ़ाएं.

**मिथुन राशि:** करियर: गुस्से पर काबू रखें, वरना कार्यस्थल पर समस्याएं हो सकती हैं. बिजनेस: मित्र की मदद से बिजनेस में अतिरिक्त आय होगी. धन: खर्चे बढ़ेंगे लेकिन आर्थिक स्थिति संभल जाएगी. शिक्षा: पढ़ाई में रुकावटें आएंगी. ध्यान केंद्रित करना जरूरी है. लव/पारिवारिक: परिवार में तालमेल बनाए रखें. उपाय: गणेश जी को दूर्वा चढ़ाएं.

**कर्क राशि:**करियर: नौकरी में बदलाव या नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं. बिजनेस: व्यापार में अधिक मेहनत करनी होगी. धन: खर्चों में वृद्धि होगी, पर लाभ भी मिलेगा. शिक्षा: शिक्षा में सफलता के योग हैं.

**सिंह राशि:** करियर: कार्यक्षेत्र में चुनौतियां रहेंगी, लेकिन सफलता भी मिलेगी. बिजनेस: मित्रों का सहयोग मिलेगा. धन: आय में वृद्धि होगी. शिक्षा: शैक्षिक प्रयासों में सफलता के योग हैं. लव/पारिवारिक: जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें. उपाय: सूर्य को जल अर्पित करें.

**कन्या राशि:** करियर: अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. नौकरी बदलने की संभावना है. बिजनेस: निवेश से लाभ हो सकता है. धन: आय के नए स्रोत मिलेंगे. शिक्षा: पढ़ाई में प्रगति होगी. लव/पारिवारिक: भाईयों से मतभेद की स्थिति बन सकती है. उपाय: माता दुर्गा को लाल चुनरी चढ़ाएं.

**तुला राशि:**करियर: कार्यक्षेत्र में मेहनत से सफलता मिलेगी. बिजनेस: मित्र के सहयोग से बिजनेस में बदलाव संभव. धन: धन लाभ के योग हैं. शिक्षा: पढ़ाई में अच्छे परिणाम आएंगे. लव/पारिवारिक: पारिवारिक छुट्टियों का आनंद ले सकते हैं. उपाय: माता लक्ष्मी को खीर का भोग लगाएं.

**वृश्चिक राशि :** करियर: नौकरी में उन्नति के योग हैं. बिजनेस: किसी मित्र की मदद से व्यावसायिक अवसर बढ़ेंगे. धन: लाभ के अवसर मिलेंगे. शिक्षा: पढ़ाई में बेहतर परिणाम आएंगे. लव/पारिवारिक: रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी.उपाय: शिवजी को बेलपत्र चढ़ाएं.

**धनु राशि :** करियर: कार्यक्षेत्र में सहयोगियों का साथ मिलेगा. बिजनेस: खर्चों की अधिकता रहेगी. धन: धन की स्थिति में सुधार होगा.शिक्षा: पढ़ाई में कठिनाइयां आएंगी. लव/पारिवारिक: जीवनसाथी के साथ अनबन हो सकती है. उपाय: विष्णु भगवान को तुलसी अर्पित करें.

**मकर राशि :** करियर: धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे. बिजनेस: धन लाभ के अवसर हैं. धन: आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. शिक्षा: छात्रों को अच्छे परिणाम मिलेंगे. लव/पारिवारिक: परिवार के साथ धार्मिक स्थल पर जाने का योग है.

**कुंभ राशि :** करियर: कार्यक्षेत्र में कठिन परिस्थितियां रहेंगी. बिजनेस: व्यापार में कठिनाइयां आएंगी.धन: खर्चों की अधिकता रहेगी.

**मीन राशि:** करियर: शैक्षिक कार्यों में अच्छे परिणाम मिलेंगे. बिजनेस: संपत्ति से धन कमाने का अवसर मिलेगा. धन: लाभ के नए अवसर मिलेंगे. शिक्षा: पढ़ाई में सफलता मिलेगी. लव/पारिवारिक: बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**

**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# 5 हजार सरकारी स्कूल बंद करके, विश्व गुरु बनेगा भारत?

> ‘ संयुक्त राष्ट्र द्वारा कोविड-19 के बाद की शिक्षा की स्थिति का आकलन करने के लिए वैश्विक शिक्षा से संबंधित एक विशेष बैठक आयोजित करने के बाद जारी एक बयान के अनुसार, कोविड महामारी ने पिछले 20 वर्षों में पूरी दुनिया में शिक्षा के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों को मिटा दिया है। ’

पा उत्तर प्रदेश में 5000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के खिलाफ हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया कि सरकार के इस कदम से राज्य में तीन लाख पचास हजार से ज्यादा छात्रों को निजी स्कूलों में दाखिला लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास की नींव होती है। एक मजबूत शिक्षा प्रणाली एक कुशल कार्यबल, नवाचार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है। चूँकि इस देश में प्राथमिक शिक्षा को राजनीतिक एजेंडे में कोई प्राथमिकता नहीं दी जाती, इसलिए दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला यह देश अभी भी निरक्षरता और खराब शिक्षा से जूझ रहा है। हाल ही में प्रकाशित आठवीं इंडिया स्किल रिपोर्ट के अनुसार, ऐसे देश में, जहाँ धर्म और धार्मिक पहचान जनता और सरकार दोनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं, 50 प्रतिशत से ज्यादा स्नातकों का रोजगार के योग्य न होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। इस साल फरवरी में केंद्र सरकार ने बताया था कि पिछले 10 साल में यूनेस्को में 89 हजार सरकारी स्कूल बंद हो गए हैं। इनमें से अधिकांश 25 हजार स्कूल अकेले उत्तर प्रदेश से थे। 5 हजार स्कूल और बंद हमारे दिल पर मोर लोड ना आए इसलिए योगी सरकार ने स्कूल बंद करने की इस स्कॉच को नाम दिया है पेअरिंग स्कॉच। वर्ष 2015-16 में उत्तर प्रदेश में करीब 1 लाख 62 हजार प्राथमिक विद्यालय थे। जो साल 2021-22 में 1 लाख 40 हजार ही रह गए। यानी 2015-16 के मुकाबले में ये संख्या कम हो गई।



सरकार का तर्क है कि जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या 50 से कम है, उन्हें बंद कर देना ही बेहतर है। लेकिन सवाल ये है कि आखिर ये स्कॉटिश बच्चे क्यों नहीं हैं? क्या बच्चों की संख्या आपके-आप कम हो गई, या इसके पीछे सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं? ईटीवी-भारत न्यूज वेबसाइट के अनुसार यू-डीआईएसई पोर्टल के आधार पर जो आंकड़े सामने आए हैं, वो देखने वाले हैं। आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में करीब 30,000 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐसे हैं, जो जर्जर स्थिति में हैं। जहां 742 स्कूल पूरी तरह से खराब खंडहर हैं। इसके बाद 690-690 में जंगल और जंगल में 674, गरीब में 643, 641 में गरीब में और 633 में बलिया में कब्जा की स्थिति बेहद खस्ता है। इन स्कूलों में बच्चों के लिए न तो अधूरा निर्माण है, न शौचालय, न पीने का पानी और न ही चारदीवारी। कभी मिड-डे मील का सामान नहीं आता, तो कभी छत टपकती है। स्थानीय बिजली नहीं। कभी-कभी स्कूल में ही जूते डूब जाते हैं। तो ऐसे रसोई में किसी ने भी अपने बच्चों को क्यों भेजेगा? जब स्कूल में टीचर ही नहीं होंगे तो पढ़ाई कैसे होगी? जिन शिक्षकों में शिक्षक तैनात हैं, वहां उनकी ड्यूटी चुनाव, सर्वेक्षण, योजना या धार्मिक आयोजनों में लगाई जाती है। स्कूल सिर्फ रिकॉर्ड में है। क्लासरूम बंद होता है, परिसर सूना रहता है। फिर जब बच्चों की पढ़ाई नहीं होती, तो परिवार वाले अपने बच्चों को या तो प्राइवेट स्कूलों में दाल देते हैं या फिर पढ़ाई ही छुड़वा देते हैं। यानी धीरे-धीरे सरकारी स्कूल के बच्चे आना ही बंद कर देते हैं। फिर एक दिन शासन की रिपोर्ट आती है ₹छात्र संख्या कम है, स्कूल बंद कर दिया जाएगा। बाकी जो स्कूल चल रहे हैं उनमें भी बार-बार सुरक्षा के नाम पर छुट्टियाँ घोषित कर दी जाती है। उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा अब बस एक धार्मिक परंपरा नहीं रही, ये एक सरकारी आयोजन संस्था बन चुकी है। हर साल जैसे ही सावन आता है, प्रदेश का पूरा सरकारी तंत्र एक ही दिशा में दौड़ता है-तीर्थयात्रियों की सेवा। स्वास्थ्य विभाग से लेकर जिला प्रशासन तक, स्वास्थ्य विभाग से लेकर नगर निगम तक, हर विभाग को आदेश दिया जाता है कि ₹कांवड़ियों की सुविधा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। ₹ जगह-जगह कैंप, मेडिकल कैंप, मोबाइल स्टेडियम, मिस्ट फैन, नमक-पानी तक डाला जाता है। और ये सब फंडिंग आती है सरकारी खजाने से। संयुक्त राष्ट्र द्वारा कोविड-19 के बाद की शिक्षा की स्थिति का आकलन करने के लिए वैश्विक शिक्षा से संबंधित एक विशेष बैठक आयोजित करने के बाद जारी एक बयान के अनुसार, कोविड महामारी ने पिछले 20 वर्षों में पूरी दुनिया में शिक्षा के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों को मिटा दिया है। दुनिया भर में 10 करोड़ से अधिक अतिरिक्त बच्चे पढ़ने-लिखने के न्यूनतम स्तर से वंचित हो गए हैं। रिपोर्ट इस तथ्य को भी सामने लाती है कि इस वैश्विक स्थिति की पृष्ठभूमि में, यह समझना मुश्किल नहीं है कि कोविड के समय में भारत में कितने कम छात्र इंटरनेट के माध्यम से पढ़ाई कर पाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, देश के ग्रामीण इलाकों में केवल 18 प्रतिशत के पास इंटरनेट की सुविधा थी, लेकिन उनमें से कितने वास्तव में इसका उपयोग कर पाए, यह भी संदिग्ध है क्योंकि डेटा पैक खरीदने के लिए पैसे, मोबाइल चार्ज करने के लिए बिजली आदि जैसे कई सवाल इससे जुड़े हैं। रिपोर्ट बताती है कि 42 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में इंटरनेट की सुविधा है, लेकिन शहरी गरीब बस्तियों में रहने वाले कितने छात्र इसका लाभ उठा पाए, यह भी एक सवाल है। इसके अलावा, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि निजी स्कूलों में उच्चतर माध्यमिक स्तर पर 62 प्रतिशत से ज्यादा शिक्षक पूरी तरह योग्य नहीं हैं। ऐसे में, अगर शिक्षक अपनी पूरी क्षमता से काम करने की कोशिश भी करें, तो वे इसमें कितने सफल होंगे, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। रिपोर्ट में अंत में दस सुझाव भी दिए गए हैं जिनके जरिए देश में सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सकती है। इनमें सबसे अहम है पूर्वोत्तर और ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में शिक्षकों की संख्या बढ़ाना और उनके उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था करना कुल मिलाकर, स्कूलों में पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की व्यवस्था करना, सरकारी क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा स्कूल खोलना ताकि गरीब और ग्रामीण बच्चे फीस आदि के कारण शिक्षा से वंचित न रहें और शिक्षक-छात्र अनुपात को कम करना यानी शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए स्कूलों की संख्या बढ़ाना, सतत विकास लक्ष्य 2030 को प्राप्त करने की दिशा में कुछ अहम कदम हो सकते हैं। हालाँकि, बड़ा सवाल यह है कि क्या हमारे देश की सरकार यह सब करने के लिए तैयार है। दरअसल, सभी संकेत यही बताते हैं कि सत्ताधारियों के बीच सभी स्तरों पर सार्वजनिक शिक्षा को कमजोर करने की एक सोची-समझी योजना चल रही है। हमें एक संगठन के रूप में इसे रोकने के लिए कमर कसनी होगी।

## श्रम का श्रृंगार,संयम के मोती मनोबल के साथी

**संजीव ठाकुर**



ऋषि मुनियों ने कहा है श्रम से ही जीवन सार्थक होता है श्रम मनोबल संयम और तब जीवन के तत्व गुण हैं और इन्हीं से मनुष्य को मनुष्य होने का गौरव प्राप्त होता है। सफलता रातों रात नहीं मिलती,जो सफलता भाग्य से मिलती है वह जल्द खत्म भी हो सकती है इसिलए निरंतर मेहनत,श्रम करने आदत होनी चाहिए,साथ में यदि उच्च मनोबल हो तो सोने पे सोहागा होती है,और इससे प्राप्त सफलता स्थाई और चिरंतर होती है,जीवन में अच्छे लक्ष्य को लेकर की गई मेहनत सार्थक होती है और कभी व्यर्थ जाया नहीं होती है

वर्तमान के आपाधापी एवं कठिन जीवन शैली में हर व्यक्ति चाहता है कि उसे प्राथमिकता मिले और उसके सब कार्य तत्काल पूर्ण हो जाए भारत की जनसंख्या के हिसाब से हर स्थान, हर जगह जबरदस्त प्रतियोगिता का वातावरण निर्मित हो चुका है एक काम के लिए हजारों लोग लाइन में लगे हुए हैं, मूलत किसी पद को पाने के लिए इतनी ज्यादा प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा है कि साधारण कद काठी एवं सामान्य व्यक्तित्व का व्यक्ति भीड़ में कहीं खो जाता है अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने से वंचित रह जाता है असफलता के कारण मानसिक दबाव जिंदगी भर रहने लगता है, ऐसे व्यक्तित्व विकास मनुष्य के जीवन में एक कड़ी और चुनौतीपूर्ण जीवन रेखा है एसे में व्यक्ति को शानदार व्यक्तित्व बनाने के लिए बड़ी मेहनत एवं कठिन तपस्या की आवश्यकता होती है तभी वह इस प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली में अपने आप को सही और सटीक स्थापित कर पाता है

व्यक्तित्व विकास के साथ मनुष्य अपना जीवन दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से गुजार पाता है, ऐसे में लोगों एवं आप के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के मन में आपके प्रति सकारात्मक एवं अच्छे विचार आते हैं आपका प्रभाव भी लोगों पर आपकी कार्यप्रणाली पर अच्छा होने लगता है अच्छे व्यक्तित्व का मालिक अपने प्रतिदिन के काम में सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा तथा शक्ति प्रदान कर पाता है और धीरे-धीरे वह लोगों से अलग दिखाई देने लगता है, आमजन उससे जुड़ना चाहते है, और आपकी तरह बनने के सपने देखने लगते हैं वर्तमान समय में शायद ऐसा ही कोई व्यक्ति होगा जो शानदार व्यक्तित्व का धनी एवं मालिक ना बनना चाहता होगो यदि आपकी पर्सनैलिटी याने व्यक्तित्व साधारण एवं निम्न स्तर का है, तो आपको अपने व्यक्तित्व को निखारना ही होगा, तब जाकर आप किसी अच्छे पद,व्यवसाय किसी महान लक्ष्य को संचालित कर सकते हैं ऐसे में आप यदि नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं तो आपको अपने व्यक्तित्व निर्माण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता हैं, नकारात्मक सोच के व्यक्ति को हमेशा कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, और उसे इन्हीं परेशानियों का निदान भी सूझता नहीं है,पर जिनका का सकारात्मक रवैया होता है,उन्हें हर कठिनाई, परेशानी में निदान के उपाय एवं तरीके अपने सूझ बुझ से निकालने का फामूर्ला मालूम होता है, ऐसे व्यक्तियों का काम कभी रुकता नहीं और वे निर्बाध गति से आगे बढ़ते जाते हैं यह सर्वविदित सत्य है की आपका संव्यवहार आपके व्यक्तित्व का दर्पण होता है हर कार्य के संचालन संपादन में आपके व्यक्तित्व की परछाई स्पष्ट परिलक्षित होती है, आपका व्यवहार आपके चरित्र तथा स्वभाव के बारे में सब कुछ बता देता है, और उसका इसका बड़ा व्यापक प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है, व्यक्तित्व विकास न सिर्फ आपकी निजी जिंदगी में प्रभाव डालता है वरन आपकी व्यवसाय और लक्ष्य में भी सकारात्मक एवं प्रभावकारी होता है जब आप एक अच्छे व्यक्तित्व और सकारात्मक विचार वान व्यक्ति होते हैं तो आप काफी उत्साही एवं आत्मविश्वास से भरपूर भी हो सकते हैं, और आत्मविश्वास से परिपूर्ण व्यक्ति जिंदगी में हर मुश्किल को पार कर एक सफल व्यक्तित्व का धनी हो जाता है उसे हर जगह सफलता ही सफलता प्राप्त होती है सफल व्यक्तित्व बनाने के लिए आप अपने व्यवहार को अत्यंत नम्र, शालीन और आत्मविश्वास से भरा ही रखें, किसी भी व्यक्ति से चाहे छोटा हो बड़ा हो अमीर हो गरीब हो मिलते समय उसका यथा योग्य अभिवादन शिष्टाचार पूर्वक अवश्य करें इससे आपकी पहुंच एवं प्रभाव का दायरा विस्तृत होने लगेगा, सफलता ही सफलता से आप आगे बढ़ने लगेंगे, किसी भी व्यक्ति से अशिष्टतापूर्वक व्यवहार न करें ,आपको यदि यह महसूस होता है कि सामने वाला कुछ गलती पर है या गलत कार्य कर रहा है तो उस पर नाराज ही जाए ना कर उसे बड़े ठंडे दिमाग से समझाई दीजिए, इससे आपका प्रभाव गलत ना होकर शानदार होने लगेगो प्रभावशाली व्यक्तित्व के निर्माण में समय की प्रतिबद्धता एवं समय पर कार्य करने की अदम्य लालसा का बड़ा महत्व है यदि आप सही समय पर सही कार्य करेंगे एवं अपने संपूर्ण कार्य समय पर प्रतिपादित करने की आदत डालेंगे, तो कार्यों की सफलता की एक तरह से संपूर्णता दिखाई देने लगती है यदि कहीं मीटिंग या किसी व्यक्ति को अपने समय दिया है तो आप वहां समय पर ही पहुंच कर मीटिंग का संपादन करें, आज के युग में किसी को किसी का इंतजार करना पसंद नहीं आता है ऐसे में काम की सफलता की गुंजाइश कम हो जाती है और किसी को किसी भी कार्य के लिए इंतजार करवाना अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण के प्रतिकूल प्रभाव डालता हैं, यदि आप नौकरी में हैं,व्यवसाय में हैं या जन प्रतिनिधि हैं, तो लोगों की बातें सुनने का आप में पर्याप्त संयम भी होना चाहिए, यदि आप किसी व्यक्ति की बातें धैर्य पूर्वक सुनते हैं तो उसे आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली लगता है एवं कार्य की सफलता में संदेह नहीं रह जातो अनावश्यक किसी भी व्यक्ति से बिना उसकी बात सुने समझे बहस करने की थोड़ी भी गुंजाइश ना रखें, अन्यथा कार्य विपरीत स्वरूप भी ले सकता हैसामने वाला व्यक्ति यदि सचमुच गलत है तो ही अपनी बात आप रखें या बोले, इसमें महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि आप अपनी शक्ति एवं दुर्बलताओं को अच्छे से पहचाने और जाने आपको जब अपनी शक्ति और क्षमता का पता होगा तो आप उस कार्य को अच्छे से कर पाएंगे एवं इससे आपके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी, और अपनी कमजोरियों को सफलता के पीछे सुधार करने में सफल भी होंगे आप प्रयास करें कि हमेशा मुस्कुराहट आपके चेहरे पर हो एवं आपका चेहरा चिड़चिड़ा या परेशान ना दिखाई दे, क्योंकि यह नकारात्मक ऊर्जा का एक बड़ा प्रतीक हैयह सफलता में कठिनाई पैदा करने वाला कारक माना जाता है मुस्कुराते हुए चेहरे से लोग प्रसन्न होकर उसकी बात सुनना चाहेंगे और यही एक ऐसा तत्व है जो आपके आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देगा और आपकी सफलता में कोई गुंजाइश नहीं रह जाएगी मुस्कुराते हुए चेहरे के आचरण को लोग ज्यादा पसंद करते हैं अपना मित्र भी बनाना चाहेंगे, आप जो भी कार्य करते हैं पढ़ते हैं नौकरी करते हैं, व्यवसाय या समाज सेवा करते हैं


## दृष्टिकोण - : मतदाता पुनरीक्षण पर राजनीति के निहितार्थ

**(डॉ. सुधाकर आशावादी)**

किसी भी राष्ट्र की समृद्धि सभी नागरिकों की राष्ट्र के प्रति समर्पित भावना से ही संभव है तथा स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जितनी उपयोगिता सत्ता पक्ष की है, उससे अधिक उपयोगिता सकारात्मक विपक्ष की है, जो पग पग पर सत्ता को जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध घेरता रहे, बिना किसी तार्किक आधार के मात्र विरोध के नाम पर विरोध की राजनीति न करे। विडम्बना है कि भारत में विपक्ष केवल नकारात्मक दिशा में गतिशील है। विपक्ष को भारत की एकता व अखंडता से जुड़े मुद्दों से कोई सरोकार नहीं रह गया है। यदि उसे देश की संवैधानिक संस्थाओं पर तनिक सा भी विश्वास होता, तो वह संकीर्ण चिंतन एवं मात्र राजनीतिक कारणों से जनहितकारी नीतियों का विरोध न करता और न ही लोकतंत्र के प्रमुख घटक मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के विरुद्ध अनर्गल और अतार्किक बयानबाजी करता। विधान सभाओं से लेकर संसद तक मतदाता सूची के परीक्षण पर बवाल मचाता। विपक्ष के सम्मुख एक बड़ी चुनौती अपना अस्तित्व बचाने की है। अनेक चुनाव परिणामों से स्पष्ट हो चुका है, कि देश की अधिकांश जनता विपक्ष को नकार चुकी है। विपक्ष इसे अपनी नैतिक हार न मान कर भी बेशर्मी से अपनी हार का ठीकरा कभी ईवीएम के मत्थे मढ़ता है, कभी चुनाव आयोग पर। ऐसा करते समय विपक्ष भूल जाता है कि वही चुनाव आयोग और वही ईवीएम उन राज्यों में भी कार्य कर रहा है, जहां विपक्ष से जुड़े राजनीतिक दलों का सत्ता पर कब्जा है। मतदाता पुनरीक्षण पर कांग्रेस, राजद, सपा, तृणमूल कांग्रेस सहित जो जो दल सवाल खड़े कर रहे हैं। उन्हें देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने करारा जवाब दिया है तथा उनसे पूछा है कि पारदर्शी प्रक्रिया से तैयार की जा रही मतदाता सूची क्या मजबूत चुनाव और मजबूत लोकतंत्र की नींव नही है ? क्या जिन लोगों की मौत हो चुकी है, उन्हें वोट डालने दिया जाए ? क्या अपात्र लोगों को मताधिकार मिलना चाहिए ? कड़वा सच यही है, कि जब जब लोकतांत्रिक व्यवस्था में सुधार के प्रयास किए जाते हैं, तब तब अराजक तत्व और उनके समर्थक राजनीतिक दल सुधारों का विरोध करने के लिए सड़क से लेकर संसद तक विरोध पर उतर आते हैं तथा व्यवस्था के सकारात्मक सुधार को स्वीकार नहीं कर पाते । कौन नहीं जानता कि अव्यवस्था का समर्थन वही करते हैं, जिन्हें प्रचलित अव्यवस्था से कोई लाभ प्राप्त हो रहा हो। विचारणीय प्रश्न यह भी है, कि क्या एक नागरिक को एक से अधिक मताधिकार प्रयोग करने का अधिकार मिलना चाहिए। जिन नागरिकों ने अपने स्थाई निवास और अपने कार्यस्थल पर अलग अलग मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा रखा हो, क्या उन्हें इस जालसाजी की सजा नहीं मिलनी चाहिए ? क्या किसी भी मतदाता को दो स्थानों पर मतदान की आजादी मिलनी चाहिए ? क्या मतदाता सूची में पारदर्शिता नहीं होनी चाहिए ? गंभीर चिंतन का विषय यही है कि मतदाता सूचियों में गड़बड़ का आरोप लगाने वाले ही यदि मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर सवाल उठाएँगे, तो सवाल उठने वालों की नीयत पर भी सवाल खड़े होंगे। केवल एक ही प्रदेश की मतदाता सूची का प्रश्न नहीं है। सवाल पूरे देश में चुनाव सुधारों का है, जिसके लिए निष्पक्ष मतदाता सूची देश की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। जहां तक संभव हो, विभिन्न चुनावों के लिए पृथक पृथक मतदाता सूची जारी करने से अच्छा है कि राष्ट्रीय स्तर पर केवल एक मतदाता सूची बने। हर चुनाव से पहले उसकी वैधता व विश्वसनीयता का परीक्षण हो, ताकि किसी भी राजनीतिक दल को मतदाता सूची पर सियासत करके जनता को भ्रमित करने का अवसर ही न मिल सके।

# मीरा रोड से नवी मुंबई पहुंचा हिंदी-मराठी विवाद, व्हाट्सएप ग्रुप में भेजा न्योता, रिप्लाई की भाषा पर सवाल उठाने वाले युवक की पिटाई

**हिंदी-मराठी विवाद मुंबई में कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मीरा रोड से शुरू हुआ विवाद अब नवी मुंबई भी पहुंच गया है। नवी मुंबई में एक छात्र पर हमला हुआ है। वजह थी व्हाट्सएप ग्रुप में मराठी भाषा में बात करने पर जोर देना। पुलिस ने इस मामले में चार छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः हिंदी-मराठी विवाद मुंबई में कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मीरा रोड से शुरू हुआ विवाद अब नवी मुंबई भी पहुंच गया है। नवी मुंबई में एक छात्र पर हमला हुआ है। वजह थी व्हाट्सएप ग्रुप में मराठी भाषा में बात करने पर जोर देना। पुलिस ने इस मामले में चार छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनमें से एक छात्र को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। आरोप है कि छात्र ने अपने सहपाठी को इसलिए पीटा? क्योंकि उसने व्हाट्सएप ग्रुप में मराठी में बात नहीं की थी। यह घटना वाशी में हुई।

### कैसे शुरू हुआ विवाद?

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 20 वर्षीय सूरज पवार ने शिकायत दर्ज कराई है। इसमें बताया गया है कि सूरज वाशी के मोतीलाल झुनझुनवाला कॉलेज में पढ़ता है। मंगलवार को कॉलेज के बाहर उस पर हॉकी स्टिक से हमला किया गया। वाशी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि पवार ने एक व्हाट्सएप ग्रुप में अपने परिवार के एक सदस्य की शादी का निमंत्रण साझा किया था। जब उसके सहपाठी फैजान नाइक ने हिंदी में जवाब दिया तो पवार ने पूछा कि उसने मराठी में क्यों नहीं लिखा। इससे बहस शुरू हो गई।

# 'खुशी की बात', फडणवीस ने कहा- राज की मातोश्री यात्रा में कुछ भी राजनीतिक नहीं

**महाराष्ट्र की राजनीति में रविवार को एक दिलचस्प घटना घटी। मनसे प्रमुख राज ठाकरे, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को उनके 65वें जन्मदिन पर बधाई देने मातोश्री पहुंचे। इस मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है। इस बीच बीजेपी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसे सामान्य शिष्टाचार भेंट बताया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र की राजनीति में रविवार को एक दिलचस्प घटना घटी। मनसे प्रमुख राज ठाकरे, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को उनके 65वें जन्मदिन पर बधाई देने मातोश्री पहुंचे। इस मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है। इस बीच बीजेपी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसे सामान्य शिष्टाचार भेंट बताया है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है। हमें इसे राजनीतिक रूप से क्यों देखना चाहिए? हम भी उद्धव जी को शुभकामनाएं देते हैं। किसी को

## उद्धव को जन्मदिन की शुभकामनाएं



जन्मदिन पर बधाई देने जाना राजनीतिक नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। आपने महाराष्ट्र के दिल में क्या है? विधानसभा चुनावों के दौरान देखा है। आप इसे आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में फिर से देखेंगे।

### उद्धव ने राज ठाकरे का किया वेलकम

दरअसल महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने अपने चचेरे भाई और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता उद्धव ठाकरे से रविवार को मुलाकात कर उन्हें उनके 65वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। राज दादर स्थित अपने आवास शिवतीर्थ से उद्धव के बांद्रा स्थित आवास मातोश्री पहुंचे। उद्धव ने अपनी पार्टी के सांसद संजय राउत के साथ मुंबई स्थित मातोश्री बंगले के प्रवेश द्वार पर अपने चचेरे भाई का स्वागत किया। राज ने उद्धव को लाल गुलाब का एक बड़ा गुलदस्ता भेंट किया।

### राज ठाकरे ने क्या कहा?

राज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे बड़े भाई, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के जन्मदिन के अवसर पर, मैं अपनी शुभकामनाएं देने के लिए दिवंगत माननीय बालासाहेब ठाकरे के निवास मातोश्री गया। उन्होंने मुलाकात की एक तस्वीर भी शेयर की। इसमें पीछे में उनके चाचा और उद्धव के पिता बाल ठाकरे की तस्वीर लगी हुई दिखाई दे रही है। उद्धव ने संवाददाताओं से कहा कि राज से मुलाकात के बाद उनकी खुशी कई गुना बढ़ गई। उन्होंने कहा कि वह कई सालों के बाद मातोश्री आए थे। फडणवीस ने मुलाकात पर क्या कहा? महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि चचेरे भाइयों के बीच हुई मुलाकात को कोई राजनीतिक महत्व नहीं दिया जाना चाहिए।

फास्ट ट्रैक

# लाडली बहना योजना में 210000000 रुपये गटक गए पुरुष... सुप्रिया सुले ने लगाए आरोप, अजित पवार ने दिया जवाब

**महाराष्ट्र की 'लाड़की बहन योजना' में कथित भ्रष्टाचार को लेकर विवाद गहरा गया है। सुप्रिया सुले ने 14 हजार पुरुषों को गलत तरीके से लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए सीबीआई जांच की मांग की है, जिससे 21 करोड़ रुपये की अनियमितता का दावा किया गया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणेः महाराष्ट्र की बहुचर्चित 'लाड़की बहन योजना' एक बार फिर विवादों में आ गई है। एनसीपी (शरद पवार गुट) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने इस योजना में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। उनका दावा है कि इस योजना के तहत 14 हजार पुरुषों को गलत तरीके से लाभ दिया गया है, जिससे करीब 21 करोड़ रुपये की आर्थिक अनियमितता हुई है। सुले ने पुणे में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के लिए शुरू की गई थी, लेकिन अब सामने आया है कि हजारों पुरुषों को भी इसका लाभ मिला है। यह बेहद गंभीर मामला है। सरकार को बताना चाहिए कि इन पुरुषों के नाम लाभार्थी सूची में कैसे और किसके माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने सवाल उठाया कि किन ठेकेदारों ने यह गड़बड़ी की और उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए।



### सुले ने की सीबीआई जांच की मांग

सुले ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जब सरकार अन्य मामलों में सीबीआई और ईडी जांच शुरू कर देती है, तो इस मामले में भी निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई को जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए। उन्होंने लाड़की बहन योजना की टाइमिंग पर भी सवाल उठाया था और विधानसभा चुनाव से पहले इस योजना को एक राजनीतिक हथकंडा बताया था। उन्होंने कहा था कि यह रिश्ता 1500 रुपये में नहीं बिकता। भाई-बहन का रिश्ता प्यार और सम्मान पर आधारित होता है, न कि आर्थिक सौदेबाजी पर।

# मोहिली जल शोधन केंद्र से जलापूर्ति मंगलवार बंद रहेगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कल्याण - कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के मोहिली जल शोधन केंद्र में एम.आर.वी.वी. कंपनी की मीटर इकाई को जोड़ने और जल शोधन केंद्र में विद्युत और यांत्रिक उपकरणों के रखरखाव और मरम्मत के लिए महानगरपालिका क्षेत्र में कल्याण ग्रामीण प्रभाग मंडा-टिटवाला, वडवली, अंबिवली, शहाड, अटाली और कल्याण ग्रामीण प्रभाग के अन्य गाँव और कल्याण (पश्चिम) बी वार्ड क्षेत्र में मिलिंद नगर, योगीधाम, चिकनघर, बिरला कॉलेज, मुरबाड रोड क्षेत्र में मंगलवार, 29 जुलाई 25 को सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक (8 घंटे) जलापूर्ति बंद रहेगी। नागरिकों से कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के जल आपूर्ति विभाग के माध्यम से सहयोग करने की अपील की गई हैं।

# 23 साल की महिला को अगवाकर रात भर चलती कार में किया बलात्कार, तड़के सड़क पर फेंका, लोनावला में सनसनी

**महाराष्ट्र में पुणे जिले के लोनावला में सनसनीखेज घटना सामने आई है। 23 साल की एक महिला का अपहरण किया गया। फिर चलती कार में उसके साथ बलात्कार किया गया। इसके बाद उसे सड़क के किनारे फेंक दिया गया। यह घटना शुक्रवार और शनिवार की रात को हुई।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणेः महाराष्ट्र में पुणे जिले के लोनावला में सनसनीखेज घटना सामने आई है। 23 साल की एक महिला का अपहरण किया गया। फिर चलती कार में उसके साथ बलात्कार किया गया। इसके बाद उसे सड़क के किनारे फेंक दिया गया। यह घटना शुक्रवार और शनिवार की रात को हुई। पुलिस ने इस मामले में 35 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे कई जगहों पर घुमाया और बार-बार उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कब की है घटना?

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को मुंबई से करीब 80 किलोमीटर दूर स्थित लोनावला के मावल इलाके के तुंगरली में हुई जो एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटना के सिलसिले में तुंगरली निवासी 35 वर्षीय एक व्यक्ति को पकड़ा है। महिला की शिकायत के अनुसार, वह उसी इलाके में रहती है और शुक्रवार रात को घर जा रही थी।

### रेप के बाद पीड़िता को सड़क पर फेंका

अधिकारी ने बताया कि एक कार उसके पास रुकी और एक आदमी ने उसे जबरन अंदर खींच लिया। इसके बाद आरोपी उसे एक सुनसान जगह पर ले गया जहां चलती कार में उससे कथित तौर पर बलात्कार किया गया। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसे तुंगरली में अलग-अलग स्थानों पर ले जाया गया और बार-बार यौन हमला करने के बाद उसे शनिवार तड़के सड़क किनारे फेंक दिया गया।

### पुलिस ने दर्ज किया केस

उन्होंने बताया कि इसके बाद महिला ने लोनावला सिटी पुलिस थाने में जाकर उस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(एम) (बलात्कार) और 138 (अपहरण) के तहत मामला दर्ज किया गया

# कुर्सी पर लटकी तलवार, शनिदेव की शरण में पहुंचे मंत्री

**महाराष्ट्र में कई मंत्रियों के विवादों में घिरने के बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें लगाई जा रही हैं। सूत्रों की मानें तो एनसीपी के कोटे से कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे से सीएम फडणवीस भी खुश नहीं हैं। सोमवार को कोकाटे का सियासी भविष्य तय हो सकता है। मंत्रिमंडल में चार से पांच मंत्रियों की कुर्सी जा सकती है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस क्या अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करेंगे? जी हां महाराष्ट्र में बीजेपी नेता और मंत्री गिरीश महाजन के करीब प्रफुल लोढ़ा की हनीट्रैप स्कैंडल में गिरफ्तारी के साथ महायुति के सहयोगी दलों से मंत्रियों के विवाद में आने के बाद ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि एनसीपी के कोटे से कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे, शिवसेना से मंत्री संजय शिरसाट और योगेश कदम की कुर्सी जा सकती है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के दिल्ली दौरे के बीच जब राजस्व मंत्री चंद्रशेखकर बावनकुले से पूछा गया तो उन्होंने सीएम फडणवीस के पाले में गेंद डाल दी। उन्होंने कि सहयोगियों के बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का विवेक सर्वोच्च है। ऐसे में चर्चा है कि फडणवीस लोकल बॉडी इलेक्शन से पहले कुछ मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखा सकते हैं। पहल यह चर्चा भी सामने आई थी कोकाटे का विभाग बदला जा सकता है लेकिन अब उनके मंत्री पद पर खतरा बताया जा रहा है।

### कुर्सी बचाने को शनिदेव की शरण में मंत्री

कुर्सी पर तलवार लटके होने के बीच महायुति सरकार के दो मंत्री माणिक राव कोकाटे और संजय शिरसाट भगवान शनिदेव की शरण में गए हैं। कोकाटे सत्र के दौरान अपने मोबाइल फोन पर कथित रूप से रमी खेलने के बाद विवादों में घिरे हैं। माणिकराव कोकाटे को लेकर अजित पवार और सुनील तटकरे के बीच मंथन की चर्चा की है। इस बीच कोकाटे ने शनिवार को नंदुरबार जिले के प्रसिद्ध शनिदेव मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की। कोकाटे ने विश्वास जताया है कि मेरे पार्टी प्रमुख व डिप्टी सीएम अजीत पवार मेरे साथ न्याय करेंगे। उन्होंने समर्थकों से कहा कि हमें शक्ति प्रदर्शन करने की कोई जरूरत नहीं है। सूत्रों के अनुसार कोकाटे के भविष्य पर फैसला सोमवार को हो जाएगा, हालांकि पूजा के बाद कोकाटे ने कहा कि उन्होंने शनिदेव से राज्य में किसानों के कल्याण के लिए सूखा दूर करने के अलावा सभी के जीवन से साढ़ेसाती खत्म होने की कामना की है। शिंदे गुट के विधायक और मंत्री संजय शिरसाट भी शनिदेव की शरण में हैं।

### महाजन के संगठन में जान की चर्चा

महाराष्ट्र में होने वाले निकाय चुनाव से पहले बीजेपी में बड़ी सर्जरी की अटकलें लगाई जा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक सीएम देवेंद्र फडणवीस के बेहद करीबी माने जाने वाले मंत्री गिरीश महाजन को संगठन में काम करने के लिए भेजा जाएगा।

# भुसावल रेलवे स्पोर्ट्स ग्राउंड को मिला IAAF मानकों वाला सिंथेटिक रनिंग ट्रॅक खेल अधोसंरचना को बड़ी ताकत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




भुसावल मंडल के खेल अधोसंरचना को बढ़ावा देते हुए, भुसावल स्थित रेलवे स्पोर्ट्स ग्राउंड में कअअऋ (इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन्स) मानकों के अनुरूप अत्याधुनिक सिंथेटिक रनिंग ट्रॅक का निर्माण किया गया है। अब तक मिट्टी के ट्रॅक पर सीमित गतिविधियाँ होती थीं, परंतु इस अपग्रेडेशन के साथ भुसावल क्षेत्र में पेशेवर एथलेटिक्स को नई दिशा मिलेगी।

इस विकास हेतु खेल शुल्क मद से ?1.00 करोड़ तक की राशि सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत की गई है। यह ट्रॅक जलगांव जिले का पहला तथा महाराष्ट्र का नौवां सिंथेटिक ट्रॅक युक्त मैदान बन गया है, जो क्षेत्रीय खेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

उन्नत स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की मुख्य विशेषताएं: ड्ट कुल क्षेत्रफल: 18,376 वर्ग मीटर रनिंग/मैराथन ट्रॅक: 400 मीटर (इनर सर्कल परिधि) ड्ट लेन की संख्या: 5 ड्ट बैठक क्षमता: 340 ड्ट ओपन ग्रीन जिम: स्वास्थ्य और फिटनेस हेतु विशेष सुविधा

इस ट्रॅक का परीक्षण विशेषज्ञों द्वारा किया गया है और यह पेशेवर प्रतियोगिताओं हेतु उपयुक्त पाया गया है। यह अब रेलवे एवं गैर-रेलवे खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध है, निम्नलिखित नाममात्र शुल्क के साथ झ -रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए ?100 -बाह्य खिलाड़ियों के लिए ?400

समावेशिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, भुसावल मंडल के अंतर्गत आने वाले आदिवासी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए इस सुविधा का उपयोग निःशुल्क किया गया है। अन्य स्कूलों के छात्र एवं एथलीट्स भी न्यूनतम शुल्क पर इसका लाभ उठा सकते हैं। रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष रूप से आदिवासी विद्यार्थियों के लिए नियमित खेल स्पधाओं का आयोजन कर उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान किया जाएगा।

भविष्य का राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र इस अत्याधुनिक ट्रॅक के साथ, भुसावल रेलवे स्पोर्ट्स ग्राउंड को एक राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है, जहाँ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पधाएँ आयोजित की जा सकेंगी। यह विश्वस्तरीय अधोसंरचना देशभर के युवा एथलीट्स को आकर्षित कर, स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने में सहायक होगी।

भुसावल (चांदमारी) में अलग समर्पित मल्टी-स्पोर्ट्स ग्राउंड का विकास मुख्य रेलवे स्पोर्ट्स ग्राउंड को अब केवल ट्रॅक आधारित गतिविधियों के लिए सीमित किए जाने के मद्देनजर, अन्य खेलों के लिए भुसावल के चांदमारी क्षेत्र में एक अलग समर्पित मल्टी-स्पोर्ट्स ग्राउंड विकसित किया गया है। इस मैदान में क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, ग्राउंड टेनिस आदि खेलों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस विकास के लिए भी सक्षम प्राधिकारी द्वारा खेल शुल्क मद से ?1.00 करोड़ तक की निधि स्वीकृत की गई है। इस स्थल पर पहले रेलवे कॉलोनी थी, जहाँ 34 परिपक्व वृक्ष मौजूद थे। रेलवे प्रशासन ने पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व निभाते हुए जिला वन विभाग के साथ समन्वय कर संयुक्त सर्वेक्षण एवं निरीक्षण वृक्षों का मूल्यांकन एवं नीलामी चालू सत्र में मैदान चालू करने से पूर्व वृक्षारोपण का संकल का कार्य पूर्ण किया। द्विस्तरीय विकास झ खेल संस्कृति को नई दिशा मुख्य ट्रॅक सुविधा के उन्नयन एवं नए मल्टी-स्पोर्ट्स ग्राउंड के विकास की यह द्विस्तरीय योजना भुसावल मंडल में समग्र खेल अधोसंरचना सुनिश्चित करती है। यह भारतीय रेल का अपने कर्मचारियों, स्थानीय युवाओं एवं खिलाड़ियों के लिए खेल संस्कृति, स्वास्थ्य, और फिटनेस को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का परिचायक है। इस पहल से न केवल क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को संबल मिलेगा, बल्कि भुसावल को एक जीवंत खेल केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

# पुणे में हो रही थी रेव पार्टी, पुलिस ने मारा छापा, पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे के दामाद समेत 7 को पकड़ा

**☞ पुणे पुलिस ने खराडी इलाके में एक रेव पार्टी पर छापा मारा, जिसमें पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे के दामाद प्रांजल खेवलकर समेत सात लोग हिरासत में लिए गए। पुलिस को संदेह है कि पार्टी में नशीले पदार्थों का इस्तेमाल हो रहा था, जिसके चलते गांजा, शराब और हुक्का जब्त किया गया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणेः महाराष्ट्र के पुणे में पुलिस ने एक रेव पार्टी पर छापा मारा। इस छापे में पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे के दामाद प्रांजल खेवलकर समेत सात लोगों को हिरासत में लिया गया। यह कार्रवाई रविवार की सुबह पुणे के पॉश इलाके खराडी में हुई। पुलिस को शक है कि पार्टी में नशीले पदार्थों का इस्तेमाल हो रहा था। इस घटना के बाद राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। एनसीपी (शरद पवार गुट) के नेता एकनाथ खडसे ने इस कार्रवाई के पीछे राजनीतिक मंशा होने की आशंका जताई है। वहीं, शिवसेना (वइळ) की नेता सुषमा अंधारे ने कहा कि यह कार्रवाई सरकार के खिलाफ बोलने वालों को चेतावनी हो सकती है। जानकारी के अनुसार, पुणे पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम को एक गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर




पुलिस ने खराडी के एक स्टूडियो अपार्टमेंट पर छापा मारा। पुलिस ने मौके से गांजा जैसे नशीले पदार्थ बरामद किए। इसके साथ ही शराब और हुक्का भी जब्त किया गया। यह कार्रवाई बड़े पुलिस अधिकारियों की निगरानी में की गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमें जानकारी मिली थी कि खराडी के एक अपार्टमेंट में रेव पार्टी चल रही है। इसके आधार पर छापा मारा गया। हमने सात लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें पांच पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। मामला दर्ज कर लिया गया है। हिरासत में लिए गए लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है। इस घटना के बाद एकनाथ खडसे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मांग की है कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि पुलिस की कार्रवाई के पीछे कोई राजनीतिक कारण तो नहीं है। बता दें कि उनकी बेटी रोहिणी खडसे, ठ महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष हैं। शिवसेना की उप नेता सुषमा अंधारे ने भी इस मामले पर टिप्पणी की है।

# प्रॉड्यूसर मान लाल सिंह पर फेंकी चप्पल-बोतल, मुंबई पुलिस ने मॉडल रुचि गुज्जर के खिलाफ की एफआईआर

**मुंबई में मॉडल रूचि गुज्जर ने एक फिल्म प्रोड्यूसर पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने मान लाल सिंह के खिलाफ शिकायत दी। वहीं पुलिस ने अब रूचि के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामला ओशिवारा पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : एक्ट्रेस रुचि गुज्जर केस में नया मोड़ आया है। उन्होंने मुंबई के ओशिवारा पुलिस स्टेशन में फिल्म निमार्ता करण सिंह चौहान के खिलाफ 24 लाख रुपए की धोखाधड़ी की शिकायत की थी। अब इस मामले में उल्टा रुचि गुज्जर की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। अम्बोली पुलिस ने एक्ट्रेस रुचि गुज्जर समेत 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह मुकदमा फिल्म 'सो लॉन्ग वैली' के निमार्ता मान लाल सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया है। मुंबई पुलिस ने एक्ट्रेस रुचि गुज्जर समेत 6 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 118(1), 189(1), 189(2), 190, 191(1), 329(3), 351(2) और 352 के तहत केस दर्ज किया है। केस दर्ज करने के तुरंत बाद मुंबई पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मुंबई-अहमदाबाद हाईवे के होटल्स पर राज ठाकरे की टठर ने की तोड़फोड़, दी धमकी- मेन्यू और साइनबोर्ड मराठी में करेंगाजीपुर में ट्रिपल मर्डर से फैली सनसनी, बेटे ने माता- पिता और बहन को कुल्हाड़ी से काट डालाकैदियों के लिए जगह पड़ रही कम... स्टाफ की संख्या बेदम, दिल्ली की जेलों का ये कैसा हालनरेश मीणा फिर जेल पहुंचे, बोले- मेरा मकसद मारे गए बच्चों के परिवारों को न्याय दिलानामान सिंह ने लगाया क्या आरोपरुचि गुज्जर पर मान सिंह ने आरोप लगाया है कि वह प्रीमियर शो के दौरान अपने प्राइवेट सुरक्षा गार्डों के साथ बिना अनुमति के सिनेमाघर में घुस गईं। उन्होंने जमकर हंगामा किया।

# निशिकांत दुबे को दुबे-दुबे कर मारेंगे....संदीप देशपांडे की टी-शर्ट पर बोले उद्धव ठाकरे की नेता

## निशिकांत दुबे के बयान पर मनसे नेता टी-शर्ट पहनकर निकले।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः महाराष्ट्र में हिंदी-मराठी भाषा के लेकर शुरू हुआ विवाद थमता नहीं दिख रहा है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की नसीहत और सीएम देवेंद्र फडणवीस की चेतावनी के बाद भी मनसे अपने अंदाज में पूरे मामले को गरमा रही है। राज ठाकरे की मनसे के प्रमुख नेता संदीप देशपांडे ने एक्स अकाउंट पर तस्वीर साझा की है। इसमें वह एक टी-शर्ट पहने हैं। इस पर लिखा है कि समुद्रात 'दुबे-दुबे कर मारेंगे'। देशपांडे ने टी-शर्ट के जरिए बीजेपी के सांसद निशिकांत दुबे पर हमला किया है। उन्होंने कहा था कि मराठी नहीं बोलने पर हिंदी भाषियों के यूपी-बिहार आने पर वह पटक-पटककर मारेंगे। इसके जवाब में राज ठाकरे ने मीरा भाईंदर की सभा में कहा थ कि आप मुंबई आएं...लोग समंदर में डुबो-डुबो कर मारेंगे।

### पांडे की निशाने पर बोले आनंद दुबे

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) नेता संदीप देशपांडे की टी-शर्ट पर उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना के प्रवक्ता आनंद दुबे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि पूरा नाम लिखा करो यार ङ्खजैसे निशिकांत दुबे को दुबे दुबे को, वैसे भाई आपके नाम में भी पांडे है, है ना, तुम भी ये जानते हो की दुबे एक ब्रांड हैं। जो करते हैं प्यार दुबे से। वो होते हैं महाराष्ट्र सूबे से। महाराष्ट्र में मनसे को गैर-मराठियों पर हमले के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दिन पहले संदीप देशपांडे ने कहा था कि एक गलत नैरेटिव बनाया जा रहा है। मराठी नहीं बोलने पर किसी को नहीं पीटा गया है।

# विद्यालय के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने सैनिकों के लिए बनाईं राखियाँ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,पीपुल्स एजुकेशन सोसाइटी के न्यू इंग्लिश स्कूल एवं जूनियर कॉलेज, ठाणे द्वारा शताब्दी वर्ष 2025-26 के उपलक्ष्य में न्यू इंग्लिश स्कूल के भोले सभागार में पर्यावरण-अनुकूल राखियाँ बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विविध प्रकार की राखियां बनाने के साथ सेना के जवानों के लिए राखी बनाएं हैं। इस प्रतियोगिता में संस्थान के विद्यालयों के विद्यार्थियों के तीन समूहों ने प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग करके प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने बेहद आकर्षक राखियाँ बनाईं। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना, सैनिकों के लिए राखियाँ बनाते समय उनमें देशभक्ति, सुरक्षा, भाईचारे और सम्मान की भावना जागृत करना, भाई-बहन के रिश्ते के प्रतीक को संरक्षित करना, विद्यार्थियों में पारंपरिक और भारतीय संस्कृति के महत्व को बढ़ाना और विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई राखियाँ सैनिकों तक पहुँचाना था। राखियाँ बनाते समय विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कौशल और भावनाएँ उनके द्वारा बनाई गई राखियों में स्पष्ट दिखाई दे रही थीं। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलात्मक, आकर्षक, नवीन और पर्यावरण-अनुकूल राखियों की प्रशंसा की। प्रतियोगिता के बाद, पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। विजेता विद्यार्थियों को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि इनरव्हील क्लब ठाणे पश्चिम की अध्यक्ष साधना दंडा, इनरव्हील क्लब ठाणे पश्चिम की अध्यक्ष सुकी कोपरकर, पीपुल्स एजुकेशन सोसाइटी के उप-कार्यकारी बी.एस. तुर्कमाने, विद्यालय के प्रधानाचार्य बी.टी. पाटिल, पर्यवेक्षक अखदामल उपस्थित थे। प्रतियोगिता के आयोजन में प्रतियोगिता प्रमुख श्रीमती करपे और विद्यालय के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# गडचिरोली में पांच हजार लाभार्थी परिवारों के लिए 'आजीविका विकास कार्यक्रम' शुरू – मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई ,राज्य के गडचिरोली जिले के आकांक्षित तालुकाओं के सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के प्रयासों से 'आजीविका विकास कार्यक्रम' शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत 49 गांवों को शामिल किया गया है, जिसमें एक्सिस बैंक फाउंडेशन की सक्रिय भागीदारी है। यह परियोजना 1 जनवरी 2025 से लागू की गई है और आगामी तीन वर्षों के लिए ?20.34 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है। इस कार्यक्रम से लगभग पांच हजार लाभार्थी परिवारों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। गडचिरोली जिले में स्थानीय लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने और उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने को राज्य सरकार प्राथमिकता दे रही है। इसी नीति के तहत एक्सिस बैंक फाउंडेशन के सहयोग से गडचिरोली में आजीविका विकास कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य मौसम के अनुकूल टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना, आजीविका में सुधार लाना और समुदाय की समृद्धि सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि आधारित आजीविका, प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन, कृषि के अलावा अन्य आजीविका विकल्प, सामूहिक उद्यमिता, स्वास्थ्य और पोषण जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।30 जून 2025 तक इस योजना में 2,000 परिवारों ने पंजीकरण कराया है। कुल 66 बोडियों (जलाशयों) की गाद हटाकर उनकी जलधारण क्षमता बढ़ाई गई है। इन बोडियों के आधार पर खेती की प्रणाली विकसित की गई है, जिसमें मछली पालन किया जाता है, उसके साथ ही मुर्गी पालन और उसी पानी का उपयोग फसलों की सिंचाई के लिए किया जाता है। यह पद्धति कृषि उत्पादकता बढ़ाकर ग्रामीण परिवारों के लिए आय के कई स्रोत उपलब्ध कराती है।वर्ष 2027-28 तक इस परियोजना के माध्यम से जुड़े हुए परिवारों की आय उनके वर्तमान आय की तुलना में दोगुनी हो जाएगी। साथ ही कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी और आजीविका के अधिक अवसर उपलब्ध होंगे। किसान समूहों के माध्यम से सामूहिक खरीदी-विक्री की व्यवस्था तैयार होगी और पोषण व स्वास्थ्य विषयक जनजागरूकता के कारण जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

फास्ट ट्रैक

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

## 24 वर्षीय इकलौते बेटे की मौत से परिवार में मातम, जांच में जुटी पुलिस



मिर्जापुर, जिले में ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां 24 वर्षीय रीशू केशरी ने अपने पक्के मकान में छत के चूल्हे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रीशू अपने पिता सुभाष केशरी के इकलौते बेटे थे। उन्होंने अज्ञात कारणों से कमरे का दरवाजा भीतर से बंद कर बिजली के तार से फांसी लगा ली। खाना खाने के लिए जब उनकी पत्नी खुशी उन्हें बुलाने गईं, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक आवाज देने और दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला, तो खुशी ने अपने ससुर सुभाष को सूचित किया। सुभाष ने भी बेटे को आवाज लगाई, लेकिन कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर आसपास के लोगों की मदद से दरवाजे की कुंडी तोड़ी गई। दरवाजा खुलते ही परिवार के होश उड़ गए। रीशू को छत के चूल्हे से केबिल के सहारे लटका देख सभी सन्न रह गए। तुरंत उन्हें फंदे से उतारकर प्रयागराज जिले के कोरांव स्थित सुकृत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के साले अंकुर केशरी की सूचना पर थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय, एसआई रमेश यादव और मनसुख यादव मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। परिवार शुरू में पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहता था, लेकिन पुलिस के समझाने पर वे राजी हो गए। रीशू की शादी पिछले वर्ष प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के करपिया गांव की रहने वाली खुशी से हुई थी। दुख की बात यह है कि उनकी पत्नी खुशी इस समय गर्भवती हैं। इकलौते बेटे की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना की जांच जारी है।

# राजपूत करणी सेना की मिर्जापुर में ब्लॉक स्तरीय बैठक

## समाज की एकजुटता और संगठन विस्तार पर दिया जोर, 50 नए सदस्य बने



मिर्जापुर, श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की पहाड़ी ब्लॉक स्तरीय बैठक रविवार को रामनगर सीकरी ग्राम सभा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष शिवम सिंह ने की। संचालन जिला उपाध्यक्ष इंस्पेक्टर सिंह उर्फ शिवम ने किया। बैठक में वक्ताओं ने समाज की एकजुटता और संगठन विस्तार पर विशेष जोर दिया। ब्लॉक अध्यक्ष शिवम सिंह ने कहा कि करणी सेना देशभर में अत्याचार के खिलाफ न्याय की लड़ाई लड़ रही है। नगर अध्यक्ष युवराज सिंह ने कहा कि समय की मांग है कि राजपूत समाज अपने अधिकारों के लिए संगठित हो। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा न होने पर भविष्य भयावह हो सकता है। इंस्पेक्टर सिंह शिवम ने अपने संबोधन में कहा कि जिस दिन समाज जाग जाएगा, देशभर में फिर से गौरवशाली राज लौट आएगा। जिला सचिव संदीप सिंह ने बताया कि संगठन हर अन्याय के खिलाफ मुखर होकर खड़ा है। पूर्वांचल सचिव अभिषेक सिंह धवल ने एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि किसी भी समाज के व्यक्ति पर अत्याचार हुआ तो करणी सेना हर मोर्चे पर साथ खड़ी मिलेगी।

# कानून प्रवर्तन एजेंसियों और युवाओं के बीच की खाई को पाटना विषय पर चर्चा में पुलिस आयुक्त रहे उपस्थित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे ,भिवंडी शहर के प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान जीएम मोमिन वीमेंस कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), आजीवन शिक्षा और विस्तार विभाग (डीएलएलई) और महिला विकास प्रकोष्ठ (डब्ल्यूडीसी) की ओर से ₹कानून प्रवर्तन एजेंसियों और युवाओं के बीच की खाई को पाटना₹ विषय पर एक चर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों और युवाओं के बीच संबंधो को मजबूत करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे उपस्थित थे।

उन्होंने अपने भाषण में कानून प्रवर्तन एजेंसियों की भूमिका पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस बात पर जोर दिया कि कानून प्रवर्तन और युवाओं के बीच समझ और संवाद को बढावा देने की आवश्यकता और महत्व पर जोर दिया। युवाओं को प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम करने और समाज को सुरक्षित बनाने में सकारात्मक योगदान के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य वक्ता व पुलिस आयुक्त डुंबरे ने चर्चा में भाग लेने वाले विद्यार्थियो द्वारा पूछे गए सवालों के संतोषजनक उत्तर भी दिए। कार्यक्रम में भिवंडी के डीसीपी शशिकांत बोराटे, केएमई सोसायटी के अध्यक्ष अल्माज फकीह, सचिव दानियाल काजी, सह सचिव नवीद खरबे, कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे चेयरपर्सन सेहबा पठान, एवं सोसायटी के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

दानियाल काजी ने सोसायटी की गतिविधियों और उद्देश्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।प्राचार्या डॉ.तबस्सुम शेख ने केएमई सोसाटीज जीएम मोमिन वीमेंस कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों और प्रयासों को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया। एनएसएस संयोजिका डॉ.रितु जैन, डॉ. श्वेता सुकुमार, डॉ.वैशाली निर्मलकर की उपस्थिति भी महत्वपूर्ण थी।कार्यक्रम के आयोजन में मिस्बाह मैडम तहरीन मैडम डॉ.शाजिया, डॉ.तनवीन, डॉ. सुमैया, शाहिद सर, नबा मैडम और डॉ.हिना ने कार्यक्रम के आयोजन में अपना विशेष सहयोग दिया।कार्यक्रम के अंत में कालेज की छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

# अशोक-अनिल मल्टीप्लेक्स में शनिवार को छोरियों अंगिया छोरा पुठियां का विशेष प्रीमियर आयोजित किया गया

## सिंधी भाषा संस्कृति के प्रसार के लिए सिंधी सिनेमा को प्रोत्साहन देना जरूरी है-जगदीश तेजवानी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




उल्हासनगर. उल्हासनगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश तेजवानी द्वारा अशोक-अनिल मल्टीप्लेक्स (मिराज सिनेमा) में शनिवार रात 8 बजे वी-टीवी प्रोडक्शन हाउस द्वारा निर्मित छोरियों अंगिया छोरा पुठियां नामक फिल्म का विशेष प्रीमियर शो रखा गया जो अत्यंत सफल रहा और ये प्रीमियर शो हाउसफुल रहा। यह इस प्रोडक्शन हाउस की 11 वीं फिल्म थी। इस प्रीमियर में फिल्म के मुख्य कलाकार निशिता पयार्णी, भूमिका इसरानी, दिया दूसेजा, कृष्णा रोहरा आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। यह फिल्म पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित है जो परिवार के सभी लोगों का मनोरंजन करती है। इस फिल्म का निर्देशन दीपक वाटवानी ने किया है। फिल्म निर्माण और प्रदर्शन में लाल पिंजानी, अपर्णा मैडम और विजय मूलचंदानी ने विशेष सहयोग दिया।

उल्हासनगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश तेजवानी ने इस फिल्म के विशेष प्रीमियर शो के संबंध में बताते हुए कहा कि इस फिल्म के माध्यम से सिंधी भाषा, सभ्यता संस्कृति, सिंधी कला और कलाकारों को प्रोत्साहन देते हुए सिंधी फिल्मों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने आगे कहा कि समाज के सक्रिय और जागरूक लोगों के सामूहिक प्रयासों से ही यह संभव हो पाएगा। सिंधी फिल्मों के प्रचार प्रसार से फिल्म इंडस्ट्री के साथ साथ सिंधी समाज के भी विकास होगा। प्रीमियर शो में मुख्य अतिथि के रूप में वर्षा तेजवानी, सिंधी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष महेश सुखरमानी, लाल पिंजानी, अपर्णा मैडम, विजय मूलचंदानी, सुंदर डंगवानी, रेशम बोनेजा, रमेश दयारमानी आदि सहित शहर की अनेक गणमान्य लोगों ने उपस्थित दर्ज की।

# खराब फुटपाथों के कारण दुर्घटनाओं का सिलसिला शुरू, कांग्रेस ने उड़ाई प्रशासन की नींद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , ठाणे के कोंकणी पाड़ा इलाके में बिरसा मुंडा चौक और काशीनाथ घाणेकर चौक के बीच फुटपाथ और साइकिल ट्रैक काई फिसलन वाले हो गए हैं। जिससे पैदल चलने वालों को भारी परेशानी हो रही है। काई और गंदगी के कारण बढ़ती दुर्घटनाओं के बावजूद, मनपा प्रशासन सोया हुआ है। अब कांग्रेस इसके खिलाफ सड़कों पर उतर आई है। सुबह और शाम को मॉर्निंग वॉक पर आने वाले कई युवा, जिनमें वरिष्ठ नागरिक भी शामिल हैं, काई की फिसलन भरी परत के कारण गिर रहे हैं। बदलते ठाणे का नारा लगाने वाली मनपा स्वच्छता के मामले में इस इलाके की पूरी तरह से अनदेखी कर रही है। इस संबंध में नागरिकों की शिकायतों पर ध्यान देते हुए, ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण और प्रवक्ता राहुल पिंगले ने अपने कार्यकताओं के साथ खुद झाड़ू उठाकर फुटपाथ और साइकिल ट्रैक की सफाई की। उन्होंने ब्लीचिंग पाउडर छिड़ककर स्वच्छता का संदेश दिया। विक्रांत चव्हाण ने कहा कि प्रशासन की आँखों के सामने दुर्घटनाएँ होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। हमने सोए हुए अधिकारियों को जगाने के लिए यह सीधी कार्रवाई की है। सिर्फ. विज्ञापन से काम नहीं चलेगा, नागरिकों की सुरक्षा जरूरी है। इस पर बोलते हुए, राहुल पिंगले ने कहा कि अगर प्रशासन आठ दिनों के भीतर फुटपाथ और साइकिल ट्रैक साफ करके उन्हें चलने लायक नहीं बनाता है, तो हम अधिकारियों के लिए फुटपाथ पर बिना फिसले चलने की प्रतियोगिता आयोजित करेंगे। जो अधिकारी बिना फिसले चलेगा, उसे कांग्रेस पुरस्कृत करेगी! इस अवसर पर बड़ी संख्या में ठाणे कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। एक ओर यह पहल प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर रही है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी राजनीतिक ज़िम्मेदारी के साथ जनता के लिए एक पहल कर रही है।

# स्वच्छता अभियान का जायजा

## जिला पंचायत राज अधिकारी ने 14 बाजारों में चलवाया सफाई अभियान, 180 सफाईकर्मी रहे तैनात

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में स्वच्छता अभियान का जायजा लिया। उन्होंने सफाईकर्मियों और सामाजिक कार्यकताओं के साथ प्लास्टिक और पोलीथीन इकट्ठा कर डस्टबिन में डलवाया। इस अभियान के तहत क्षेत्र के सभी बाजारों में कुल 180 सफाईकर्मियों को तैनात किया गया था। जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्राम प्रधानों को सार्वजनिक स्थलों पर डस्टबिन रखने का निर्देश दिया। साथ ही नियमित रूप से कूड़ा गाड़ी चलवाने के लिए भी कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि सफाई अभियान में लापरवाही पाई गई तो निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। गैपुरा बाजार में ग्रामीणों ने चिंता जताई कि दुकानदार अभी भी पोलीथीन के थैले का इस्तेमाल कर रहे हैं। उनका कहना था कि जब पोलीथीन बिक रही है तो इससे मुक्ति कैसे संभव है। प्रभारी एडीओ पंचायत बृजेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के 14 बाजारों में सफाई अभियान चलाया गया।

# स्वच्छता अभियान के तहत बाजारों में विशेष मुहिम

## कचरा और पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन ने चलाया अभियान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, चुनार में स्वच्छ बाजार अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के बाजारों में कचरा और पॉलीथिन मुक्त अभियान चलाया गया। यह अभियान जिलाधिकारी की पहल और मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में संचालित किया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी की देखरेख में पंचायती राज विभाग ने इस अभियान को आगे बढ़ाया।

अभियान को सफल बनाने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी ने हर दो बाजारों पर एक नोडल अधिकारी तैनात किया। इसमें पंचायत सहायकों ने भी सक्रिय भागीदारी की। विनोद कुमार श्रीवास्तव, जिला कंसलटेंट के नेतृत्व में विकासखंड सीखड़ के कई क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। इन क्षेत्रों में आराजी लाइन, सुल्तानपुर शीतला माता धाम, मेड़िया, खैरा और मुकुंदपुर पाहो शामिल थे।

कार्यक्रम में सुधीर कुमार दुबे, प्रभारी सहाय विकास अधिकारी पंचायत, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजदेव दुबे और संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जन सहभागिता के माध्यम से जनपद के सभी बाजारों को आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ स्वच्छ बनाना है।

# संचारी रोग निवारण मेले का आयोजन

## तीन स्वास्थ्य केंद्रों पर 152 मरीजों का हुआ निशुल्क उपचार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मिर्जापुर, मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के अंतर्गत स्थानीय थाना क्षेत्र के तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 152 मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया। चिकित्सकों ने कैंप लगाकर मरीजों की बुखार, सुगर, बीपी और खांसी जैसी बीमारियों की जांच की। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार ने सभी केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में 65, मतवार में 46 और मुडपेली में 41 मरीजों का उपचार किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार के डॉ. कामेश्वर तिवारी के अनुसार सबसे ज्यादा मरीज सीजनल बुखार और खांसी के थे। सभी मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद साफ पानी पीने और घर के आसपास साफ-सफाई रखने की सलाह दी गई है। यह मेला संचारी रोगों के निवारण और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

# मकान में धर्मांतरण की सभा का भंडाफोड़

## 50 से ज्यादा लोग इसाई धर्म की प्रार्थना में शामिल, हिंदूवादी संगठन की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना खुटार क्षेत्र के कुंभिया गांव में एक मकान में कथित धर्मांतरण की गतिविधि का मामला सामने आया है। हिंदूवादी संगठन की सूचना पर पुलिस ने मौके पर छापेमारी की। पुलिस को मकान में 50 से अधिक ग्रामीण इसाई धर्म की प्रार्थना सभा में शामिल मिले। आरोप है कि वहां इसाई धर्म अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा था। सूत्रों के अनुसार, कुछ लोग पहले ही इसाई धर्म अपना चुके हैं। पुलिस ने मौके पर मौजूद सभी लोगों के नाम और पते दर्ज किए हैं। कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहां मौजूद एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसके तीन बेटे खत्म हो चुके हैं। वह गोला मंदिर गए थे जहां से उनकी साइकिल चोरी हो गई। उन्होंने कहा कि मंदिर से उन्हें कोई फायदा नहीं हुआ। कुछ महिलाओं ने पुलिस को बताया कि वे वहां प्रभु ईसामसीह की प्रार्थना करती हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर से उन्हें कोई आराम नहीं मिला, इसलिए उन्होंने इस धर्म को अपनाया है। सीओ पुवायां ने इस मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि धर्मांतरण कराने की सूचना मिली है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी शाहजहांपुर में सिंधौली और थाना आरसी मिशन क्षेत्र में धर्मांतरण के मामले सामने आ चुके हैं। उन मामलों में 25 लाख रुपये की फंडिंग का भी खुलासा हुआ था। पुलिस, हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारियों और महिलाओं के बीच हुई बातचीत के कई वीडियो भी सामने आए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# युवक ने किया सुसाइड

- दादा कमरे में गए तो लटके शव से टकराए, गाजीपुर में बताशे बेचता था

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक 19 वर्षीय युवक ने अपने घर के बरामदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अरुण राठौर के रूप में हुई है। अरुण अपने परिवार के साथ गाजीपुर में रहता था, जहां वह बताशे बेचने का काम करता था। अरुण दो दिन पहले बिना किसी को बताए अपने शाहजहांपुर स्थित घर आ गया था। शनिवार की शाम को जब उसके दादा नत्थूलाल मकान के बाहर बैठे थे, तभी अरुण ने मकान के अंदर बरामदे में कपड़े से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद जब उनके दादा मकान के अंदर गए तो अंदर की लाइट बंद थी। लाइट जलाने के लिए जाते समय वह किसी चीज से टकरा गए। जब उन्होंने लाइट जलाकर देखा तो पाया कि वह अरुण के शव से टकराए थे। फंदे पर लटकता शव देखकर उनकी चीख निकल गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए। इसके बाद गाजीपुर में रहने वाले अरुण के परिवार को सूचना दी गई। मृतक के ताऊ ने बताया कि अरुण ने शाहजहांपुर आने की बात परिवार को नहीं बताई थी। उसने आत्महत्या क्यों की, इसकी जानकारी नहीं है। थाना आरसी मिशन क्षेत्र के चमकनी गढ़ीपुरा के रहने वाले खुशीराम परिवार के साथ पिछले कुछ साल से गाजीपुर में रहकर मेहनत-मजदूरी कर रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# इजराइल ने गाजा में पहली बार मदद पहुंचाई

## हवाई जहाज से आटा, चीनी और रेडीमेड फूड के पैकेट गिराए; गाजा में भूख से अब तक 124 मौतें

एजेंसी

गाजा, इजराइल ने हमास के खिलाफ जंग के बाद रविवार को पहली बार गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाई है। इजराइली सेना आईडीएफ ने आटा, चीनी, दवाई और डिब्बाबंद खाना गाजा में हवाई मार्ग से पहुंचाया। यह कदम अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर उठाया गया। वहीं, इजराइल ने गाजा के कुछ हिस्सों में सीजफायर और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के लिए सुरक्षित रास्ते बनाने का भी ऐलान किया ताकि वहां की जनता को मदद पहुंचाया जा सके। मार्च से मई तक इजराइल ने गाजा में बाहरी सहायता पर रोक लगा दी थी। अब इजराइल का कहना है कि वह यूएन की सहायता वितरण में रुकावट नहीं डाल रहा। गाजा में इजराइल-हमास जंग को शुरू हुए 22 महीने हो चुके हैं। अब तक इस लड़ाई की वजह से 124 लोग भूख से मारे गए हैं, जिनमें से 81 बच्चे हैं। जुलाई महीने में ही भूख से 40 लोगों की मौत हुई, जिनमें 16 बच्चे हैं। इजराइली सेना ने पुष्टि की कि उन्होंने गाजा में एयर रूट से मदद भेजना शुरू कर दिया है। इससे पहले एक इजराइली सुरक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को उठठ को बताया था कि गाजा में भुखमरी के संकट पर बढ़ती अंतरराष्ट्रीय आलोचना के बीच इजराइल विदेशी देशों को गाजा में एयर रूट से मदद भेजने की इजाजत देगा। अमेरिका में इजराइल के राजदूत येचील लेइटर ने शनिवार को बताया कि इजराइली सेना रविवार से गाजा के लिए ूमेटेरियन कॉरिडोर खोलेगी। इनका मकसद गाजा की आबादी के लिए मानवीय सहायता बढ़ाना है। गाजा में रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों ने बताया कि वहां 50 ग्राम के बिस्किट के पैकेट की कीमत 750 रुपए है। नकद पैसे निकालने के लिए 45% तक कमीशन देना पड़ता है। हालात इतने खराब हैं कि लोग नमक खाकर और पानी पीकर काम चला रहे हैं। एक पत्रकार ने बताया कि 21 महीने में मेरा वजन 30 किलो घट गया है। थकान बनी रहती है और चक्कर आते रहते हैं। दक्षिणी गाजा के नासिर अस्पताल में काम करने वाले एक हेल्थ अधिकारी का कहना है कि गाजा में सभी भुखमरी के संकट से जूझ रहे हैं। कुपोषण से मरने वाले बच्चों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि गाजा में जब युद्ध शुरू हुआ तो अस्पताल से सबसे ज्यादा संख्या हवाई हमलों में घायल होने वाले लोगों की होती थी, लेकिन अब उनकी जगह कुपोषण के शिकार बच्चों ने ले ली है। वहीं, यूएन का कहना है कि गाजा में एक तिहाई आबादी को कई दिनों में एक बार भोजन नसीब हो रहा है। गाजा में भुखमरी को देखते हुए ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने एक संयुक्त बयान जारी किया है। उन्होंने कहा- बंधकों की रिहाई से पहले तत्काल युद्धविराम करना चाहिए। गाजा के नागरिकों को बिना किसी देरी के भोजन और पानी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इजराइल को अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता कानून के तहत अपने दायित्वों को निभाना चाहिए। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि हमास शांति नहीं चाहता, बल्कि मरना चाहता है। उन्होंने इजराइल से गाजा में मकसद पूरा करने और सैन्य अभियान तेज करने को कहा है।



# अमेरिकी जनरल कुरिल्ला को पाक का सबसे बड़ा सैन्य सम्मान

## पाकिस्तान को आतंकवाद से लड़ने वाला कहा था, भारत ने विरोध जताया था

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान ने अमेरिका के सेंट्रल कमांड प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला को देश के सबसे बड़े सैन्य सम्मान निशान-ए-इम्तियाज से नवाजा है। यह सम्मान इस्लामाबाद में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने दिया। जनरल कुरिल्ला को यह सम्मान क्षेत्रीय शांति को बढ़ावा देने और पाकिस्तान-अमेरिका सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए दिया गया। जनरल कुरिल्ला ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी और सेना प्रमुख असीम मुनीर से मुलाकातें कीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सम्मान के जरिए पाकिस्तान, अमेरिका के लिए अपनी वफादारी जाहिर कर रहा है। जनरल कुरिल्ला ने पिछले महीने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में मजबूत सहयोगी बताया था। तब उन्होंने कहा था कि अमेरिका को पाकिस्तान और भारत दोनों से रिश्ते रखने होंगे। ये बाइनरी स्विच नहीं है कि एक से रिश्ता रखेंगे तो दूसरे से नहीं रख सकते। हमे रिश्तों के फायदों को देखना चाहिए। इसके जवाब में भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुआ आतंकी हमला सीमा पार आतंकवाद का हालिया उदाहरण है। पाकिस्तान ने जनरल कुरिल्ला को सैन्य सम्मान देने का कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब वो आर्थिक संकट और फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) के दबाव से जूझ रहा है। पाकिस्तान जून 2018 से अक्टूबर 2022 तक एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में था। भारत ने हाल ही में पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान पर टेरर फंडिंग रोकने में नाकामी का आरोप लगाते हुए एफएटीएफ से ग्रे लिस्ट में वापस डालने की मांग की है। अमेरिका, एफएटीएफ का संस्थापक सदस्य होने के नाते, इस संगठन की नीतियों और टेरर फंडिंग पर नजर रखने में अहम भूमिका निभाता है। इस सम्मान के जरिए पाकिस्तान अमेरिका के साथ अपने रिश्ते सुधारना चाहता है, ताकि आर्थिक मदद और एफएटीएफ से राहत पाने में सहायता मिले।

साथ ही, यह कदम यह भी दिखाता है कि पाकिस्तान पूरी तरह से चीन पर निर्भर नहीं है।



# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के शख्स पर जानलेवा हमला

## हमलावरों ने हाथ से कलाई काटी, पीड़ित की रीढ़ में फ्रैक्चर और सिर में गंभीर चोट

एजेंसी

कैनबरा, ऑस्ट्रेलिया में शनिवार को भारतीय मूल के एक नागरिक सौरभ आनंद पर मेलबर्न के सेंट्रल स्क्वायर शॉपिंग सेंटर के बाहर पांच नाबालिगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों में सौरभ के हाथ से उनकी कलाई काट दी। सौरभ ने बताया कि शाम को फामेर्सी से दवा लेकर लौट रहे थे। इस दौरान एक दोस्त से फोन पर बात कर रहे थे, तभी पांचों लड़कों ने पीछे से उन पर हमला कर दिया। एक लड़के ने उनकी जेब टटोली, दूसरे ने उन्हें मुक्कों से पीटा, और तीसरे ने चाकू उनकी गर्दन पर रखा। सौरभ ने बचाव में हाथ उठाया, तो उसी चाकू से उनकी कलाई काट दी। सौरभ ने अस्पताल में बताया कि- मुझे बस दर्द याद है, मेरा हाथ बस एक धागे से लटक रहा था। हमले मे उनकी रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर टूटने और सिर में चोटें आईं हैं। राहगीरों ने सौरभ की चीखें सुनीं और इमरजेंसी सर्विस को बुलाया। रॉयल मेलबर्न अस्पताल में सर्जनों ने कई घंटों की सर्जरी के बाद उनके हाथ को जोड़ा, लेकिन शुरू में इसे काटने की बात भी हुई थी। उनकी कलाई और हाथ में स्क्रू डाले गए हैं। सौरभ सीरियस मेडिकल निगरानी में हैं। डॉक्टरों का कहना है कि अभी उनकी रिकवरी को लेकर कुछ कहा नहीं जा सकता। सौरभ ने कहा- मैं अपना हाथ हिला नहीं सकता, बस दर्द महसूस होता है। पुलिस ने पांच में से चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। एक 14 साल के आरोपी पर गंभीर चोट पहुंचाने, लूट और गैरकानूनी हमले के आरोप हैं। वहीं दो 15 साल और एक अन्य 14 साल के आरोपी पर भी अलग-अलग आरोप लगे हैं। ये सभी अगस्त में कोर्ट में पेश होंगे। सौरभ ने दुख जताया कि दो आरोपियों को जमानत मिल गई। उन्होंने कहा, मैं न्याय चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि यह घटना बदलाव का कारण बने। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड शहर में भी 4 दिन पहले एक भारतीय छात्र पर बेरहमी से हमला किया गया था। तब चरणप्रीत सिंह अपनी पत्नी के साथ कार से शहर के लाइट शो देखने निकला था। इसी दौरान किंटोर एवेन्यू के पास रात 9 बजे कार पार्किंग को लेकर उसकी स्थानीय लोगों से बहस हो गई। लड़कों ने चरणप्रीत को नस्लीय गालियां दी और उनपर हिंसक हमला किया। चरणप्रीत ने कहा- जब ऐसी घटनाएं होती हैं, तो वापस अपने देश लौट जाने का मन करता है। आप अपने शरीर में कुछ भी बदल सकते हैं, लेकिन रंग नहीं बदल सकते। इस हमले का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पांच लोग चरणप्रीत के चेहरे और पेट पर पर मुक्के और लातों से हमला करते हुए दिख रहे हैं, जबकि उनकी पत्नी उन्हें रोकने की कोशिश कर रही थी।




# ट्रम्प बोले- थाईलैंड-कंबोडिया सीजफायर पर राजी


## दोनों देशों की जंग भारत-पाकिस्तान संघर्ष की याद दिलाती है, जिसे हमने रोका था

एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को दावा किया कि थाईलैंड और कंबोडिया के नेताओं ने तुरंत सीजफायर वार्ता पर सहमति दे दी है। ट्रम्प ने कहा कि यह वॉर मुझे भारत-पाक संघर्ष की याद दिलाती है, जिसे हमने कामयाबी से रोका था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्कॉटलैंड यात्रा के दौरान सोशल मीडिया पर लिखा कि तीन दिन से जारी सीमा विवाद के बीच उन्होंने दोनों देशों से सीधे बात की और साफ किया कि अगर संघर्ष जारी रहा तो अमेरिका कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा। इधर, थाई प्रधानमंत्री फुमथम ने ट्रम्प को धन्यवाद देते हुए कहा कि थाईलैंड सीजफायर के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए कंबोडिया का भी सीरियस होना जरूरी है। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक हजार साल पुराने दो शिव मंदिरों को लेकर शुरू हुआ संघर्ष शनिवार को भी जारी रहा। इस संघर्ष में अब तक 33 लोगों की मौत हो गई। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक लड़ाई में उसके 13 लोगों की मौत हुई है। इनमें 8 नागरिक और 5 सैनिक शामिल हैं। इसके अलावा 71 लोग घायल हुए हैं। वहीं, थाईलैंड के भी 20 लोग मारे गए हैं। इनमें 14 नागरिक और 6 सैनिक शामिल है। कंबोडिया ने थाईलैंड पर जानबूझकर हमला करने का आरोप लगाया है और कहा है कि थाई सेना उनकी संप्रभुता का उल्लंघन कर रही है। कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने शनिवार को दावा किया कि मलेशिया की मध्यस्थता में 24 जुलाई की रात दोनों ही देश सीजफायर पर समहत हुए थे, लेकिन समझौते पर पहुंचने के 1 घंटे से भी कम वक्त में थाईलैंड ने अपना रुख बदल दिया और समझौते से हट गया। यूएन सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी बैठक में कंबोडिया ने जंग को रुकवाने की मांग की है।



# 'बहुत निकम्मी चीज...', नितिन गडकरी ने सरकार पर साधा निशाना, बताई अपनी इच्छा



**नितिन गडकरी ने नागपुर नगर निगम और एनआईटी जैसी नागरिक और प्रशासनिक संस्थाओं पर निशाना साधा है.**

एजेंसी

मुंबईः अपने बेबाक बयानों के लिए मशहूर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को सार्वजनिक रूप से सरकारी व्यवस्थाओं को 'अप्रभावी' और 'निकम्मा' करार दिया. महाराष्ट्र के नागपुर के सुरेश भट ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम में बोलते हुए गडकरी ने नागपुर नगर निगम और जैसी नागरिक और प्रशासनिक संस्थाओं पर निशाना साधते हुए कहा कि ये संस्थाएं केवल 'चलती गाड़ी को पंक्चर' करने का काम करती हैं. गडकरी ने कहा, चाहे एनएमसी हो, एनआईटी हो या कोई और सरकारी एजेंसी इनमें से कोई भी उपयोगी नहीं है. ये चलती गाड़ी को पंक्चर करने का काम करती हैं. इसलिए हमें काम करने के वैकल्पिक तरीके खोजने होंगे.

### '300 स्टेडियम बनाने की इच्छा'

केंद्रीय मंत्री ने कहा , ... मेरी बहुत इच्छा है कि मैं नागपुर में खेलने के लिए 300 स्टेडियम बनाना है. मेरे 4 साल के अनुभव के बाद मुझे ये समझ आया कि सरकार जो चीज होती है बहुत निकम्मी होती है... मैं तो राजनीति में हूं, यहां तो फोकट का बाजार लगा होता है. हर चीज लोगों को फोकट में चाहिए.

### 'मिनिमम होगी फीस'

उन्होंने दुबई का एक उदाहरण दिया जहां एक निजी संचालक ने एक स्टेडियम का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया. गडकरी ने बताया, दुबई का एक व्यक्ति जो वहां स्टेडियम चलाता है, उसे अब नागपुर में भी इसी तरह की एक परियोजना सौंपी गई. सरकार जमीन, पानी और बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराएगी, लेकिन सुविधा के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी उसी की होगी. फोकट में किसी को कुछ नहीं सिखाना चाहिए. उन्होंने आगे कहा, वह विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले युवाओं से एक छोटी सी फीस लेंगे - क्योंकि मुफ़्त सेवाओं की कभी कद्र नहीं होती. जब लोग भुगतान करते हैं, तो वे चीजों को गंभीरता से लेते हैं और ज्यादा मेहनत करते हैं. गडकरी द्वारा सरकारी एजेंसियों की तीखी आलोचना, खासकर एक वरिष्ठ मंत्री के तौर पर, ने सार्वजनिक प्रणालियों की दक्षता और बुनियादी ढांचे के विकास के वैकल्पिक मॉडलों पर चर्चा को फिर से शुरू कर दिया है. उनकी टिप्पणियों की राजनीतिक हलकों में प्रशंसा और आलोचना दोनों हो रही है.

# कश्मीर की साझी सांस्कृतिक विरासत को फिर जीवित करने की जरूरत: न्यायमूर्ति गवई

**मुख्य न्यायाधीश ने श्रीनगर में कहा कि, कश्मीर की पारंपरिक सांप्रदायिक सौहार्द को बहाल करने और अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने की आवश्यकता है.**

### संविधान और सामाजिक समावेशन की बात

**डॉ. भीमराव अंबेडकर का उल्लेख करते हुए उखक गवई ने कहा कि भारत के संविधान निमार्ता ने राजनीतिक न्याय की नींव ह्यएक व्यक्ति, एक वोट के माध्यम से रखी, लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया था कि सामाजिक वर्गों के बीच पारगमन अब भी एक बड़ी चुनौती है. न्यायपालिका और विधिक समुदाय को मिलकर इस सामाजिक संतुलन की दिशा में कार्य करना होगा.**



एजेंसी

श्रीनगरः भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी. आर. गवई ने रविवार को कहा कि जब तक आम नागरिकों को अपने अधिकारों की जानकारी नहीं होगी, तब तक वे अधिकार किसी उपयोग के नहीं हैं. उन्होंने यह वक्तव्य श्रीनगर में आयोजित राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के उत्तर क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए दिया. अपने संबोधन में ने जोर देकर कहा कि नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना बेहद आवश्यक है, ताकि वे न्याय प्रणाली का पूरा लाभ उठा सकें. उन्होंने कहा, हमने संविधान के माध्यम से स्वयं को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक न्याय का वादा किया है. जब तक नागरिकों को उनके अधिकारों की जानकारी नहीं होगी, तब तक ये अधिकार उनके लिए निष्क्रिय रहेंगे. मुख्य न्यायधीश ने यह भी कहा कि न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि देश के अंतिम व्यक्ति को भी न्याय प्राप्त हो. उन्होंने बताया कि ठअछरअ इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है और देश के दूरदराज के क्षेत्रों जैसे लद्दाख, पूर्वोत्तर और राजस्थान तक अपनी सेवाएं पहुंचा रहा है.

### कश्मीर की पारंपरिक सांप्रदायिक सौहार्द की वापसी पर जोर

अपने भाषण में न्यायमूर्ति गवई ने कश्मीर के बीते 35 वर्षों की स्थितियों की ओर संकेत करते हुए कहा कि समय आ गया है कि इन विकृतियों को दूर किया जाए और एक बार फिर उस पारंपरिक कश्मीर की पुनर्स्थापना की जाए, जहां सभी समुदाय—हिंदू, मुस्लिम और सिख—आपसी सद्भाव और शांति से रहते थे. उन्होंने कहा, यह संवाद—न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं के बीच—एक नई दृष्टि प्रदान करेगा. मुझे विश्वास है कि यह सम्मेलन पुराने कश्मीर की भावना को पुनर्जीवित करने में सहायक होगा.

लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के बार प्रतिनिधियों की मांगों पर प्रतिक्रिया

सम्मेलन के दौरान लद्दाख, कश्मीर और जम्मू के अधिवक्ताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों पर प्रतिक्रिया देते हुए उखक ने स्पष्ट किया कि भले ही उनके पास इन मांगों को सीधे हल करने का अधिकार नहीं है, लेकिन वे इन विषयों को संबंधित अधिकारियों और कोलेजियम के समक्ष अवश्य प्रस्तुत करेंगे.

# संसद मॉनसून सत्रः ऑपरेशन सिंदूर पर डिबेट आज, सत्तापक्ष और विपक्ष होंगे आमने-सामने

**संसद में आज पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर तीखी डिबेट हो सकती है . सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों लोकसभा में अपनी बात रखेंगे .**



एजेंसी

नई दिल्लीः संसद के मॉनसून सत्र का दूसरा सप्ताह कल यानी 28 जुलाई से शुरू होगा. पहला सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ गया था. सोमवार को लोकसभा में पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर डिबेट होने की संभावना है. सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े दो मुद्दों पर आमने-सामने होंगे. भाजपा नीत एनडीए गठबंधन और विपक्षी दलों द्वारा लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा के दौरान अपने शीर्ष नेताओं को मैदान में उतारने की उम्मीद है. कांग्रेस पार्टी ने अपने लोकसभा सांसदों को तीन दिन तक सदन में उपस्थित रहने के लिए थ्री-लाइन व्हिप जारी किया है. सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर इन मुद्दों पर बोलेंगे. उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय सुरक्षा पर अपनी सरकार के ₹मजबूत₹ रुख के ट्रैक रिकॉर्ड से अवगत कराने के लिए अपनी बात रख सकते हैं. वहीं, दोनों सदनों में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा अन्य नेताओं के साथ मिलकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल सकते हैं.दोनों सदनों में 16-16 घंटे की बहससंसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 25 जुलाई को कहा था कि सत्र का पहला सप्ताह हंगामे के कारण बाधित रहा और विपक्ष ने सोमवार को लोकसभा में और उसके बाद मंगलवार को राज्यसभा में इन दोनों मुद्दों पर चर्चा शुरू करने पर सहमति जताई है.

# मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान में भारी बारिश का रेड अलर्ट

**रुद्रप्रयाग में रात भर से जारी बारिश के कारण 1600 से ज्यादा चारधाम तीर्थयात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। बारिश के कारण पहाड़ी से बड़े–बड़े पत्थर गिर गए और गौरीकुंड के पास केदारनाथ जाने वाला मार्ग अवरुद्ध हो गया। अभी भी 700 तीर्थयात्रियों को निकालने की प्रक्रिया जारी है।**

## गौरीकुंड में लैंडस्लाइड, केदारनाथ रूट बंद; ओडिशा में बैतरणी नदी खतरे के निशान पर

एजेंसी

नई दिल्ली ,मौसम विभाग ने रविवार के लिए पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश और गुजरात में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं उत्तराखंड, पूर्वी मध्य प्रदेश, सौराष्ट्र-कच्छ, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण-गोवा, कर्नाटक, केरल, असम, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है इधर, ओडिशा सरकार ने शनिवार को बालासोर, भद्रक और जाजपुर के अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रखा है। कई नदियां उफान पर हैं, इसलिए निचले इलाकों से लोगों को निकालने को कहा गया है। जलाका और बैतरणी नदी का जलस्तर पहले ही खतरे के निशान को पार कर चुका है, जबकि बालासोर में सुवर्णरेखा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। दक्षिणी राज्य केरल में अगले 5 दिन तक बारिश जारी रहने की संभावना है। साथ ही रविवार तक 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। तेज हवाओं और समुद्र में उथल-पुथल के कारण 30 जुलाई तक केरल-कर्नाटक-लक्षद्वीप तटों पर मछली पकड़ने से मना किया गया है। हिमाचल प्रदेश में भी 29 जुलाई तक चार जिलों चंबा, कांगड़ा, मंडी और कुल्लू के कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।



### किसान ने उफनती नदी में कूदकर बचाई बैलों की जान

छिंदवाड़ा के हरई के राजढाना में उफनती नदी की पुलिया के किनारे से एक बैलगाड़ी बह गई। इससे दो बैलों तेज बहाव में बहने लगे। किसान ने नदी में कूदकर अपने बैलों की जान बचाई।

### केरल के इडुक्की में भूस्खलन, चपेट में आए ट्रक चालक की मौत

केरल के इडुक्की ज़िले के मुन्नार में देवीकुलम रोड पर एक ट्रक चालक की दुर्घटना में मौत हो गई। शनिवार रात हुई इस दुर्घटना में ट्रक चालक गणेशन की मौत हो गई, जबकि ट्रक में सवार एक अन्य व्यक्ति बच गया।यह दुर्घटना देवीकुलम रोड के पास बॉटनिकल गार्डन के पास भूस्खलन के बाद हुई।

## संक्षेप

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़े ट्रक से टकराई कार

**महिला की मौत, छह लोग घायल, चालक की हालत गंभीर**

सुलतानपुर, हलियापुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 85 किमी पर रविवार को एक कार खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गई। दिल्ली से बिहार जा रही कार में सवार सात लोग घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से नजदीकी सीएचसी कुमारगंज ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया। बिहार के समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर गांव निवासी नवनीत (19) अपने परिवार के साथ दिल्ली से बिहार जा रहे थे। उनके साथ भाई विपिन (25), हिमांशु (21), बहन कुमारी जया (17), माता नीलू (55) और साथी प्रेम (23) थे। कार को कन्नौज जिले के सौरिक थाना क्षेत्र के खेड़ा रायपुर निवासी दीपू चला रहा था। जैसे ही कार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 85 किमी पर पहुंची, वह अचानक सामने खड़ी एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सभी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

### रोटरी क्लब 55वां अधिष्ठापन समारोह

**अखिल अग्रवाल बने अध्यक्ष, डॉ. अभिषेक पांडेय सचिव नियुक्त**

सुलतानपुर, रोटरी क्लब का 55वां अधिष्ठापन समारोह होटल गार्डन व्यू में रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंडलाध्यक्ष रोटेरियन केके श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि सह मंडलाध्यक्ष रो. नीरव पांडेय रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। पूर्व अध्यक्ष रो. संजय केसरवानी ने क्लब की सामाजिक उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब सुल्तानपुर ने समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए विशिष्ट पहचान बनाई है। रो. विजय सेठ ने रोटरी वर्ष 2025-26 के लिए नव-निर्वाचित अध्यक्ष रो. अखिल अग्रवाल और सचिव रो. डॉ. अभिषेक पांडेय को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में नो प्लास्टिक अभियान के तहत पर्यावरण अनुकूल बैग का अनावरण किया गया। इसे आम जनता के बीच निःशुल्क वितरित किया जाएगा।

### सुल्तानपुर में जमा हुए व्यापार मंडल के पदाधिकारी

**सदस्यता अभियान चलाया, व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा**

सुलतानपुर, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जयसिंहपुर तहसील के बगिया चौराहे बाजार में व्यापारी बैठक एवं सदस्यता अभियान कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में व्यापारियों की प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सदस्यता अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रमेश अग्रहरि ने की। संचालन तहसील अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# दूध कारोबारी की हत्या का विरोध

**कार्रवाई न होने से परिजन नाराज, थाने के गेट पर धरना; जमकर की नारेबाजी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, दूध कारोबारी सुधीर यादव उर्फ ननका की पीट-पीटकर हत्या के मामले में रविवार को प्रदर्शन किया गया। कैंट थाने पर जमकर नारेबाजी की गई। पिटाई से जख्मी कारोबारी ने दम तोड़ दिया था। मामले में कार्रवाई न होने से परिवार वाले आक्रोशित है। इसी के बाद परिजन और उनके करीबियों ने कैंट थाने के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन में सपा के कई नेता भी शामिल हुए और चौकी प्रभारी बेली को निलंबित करने की मांग की। थाने में जमा लोग ₹हत्यारों को गिरफ्तार करो₹ जैसे नारे भी लगाते रहे। प्रदर्शनकारियों के साथ समाजवादी पार्टी के नेता संदीप यादव भी मौजूद रहे। पुलिस ने जांच का



आश्वासन देकर भीड़ को वहां से हटा दिया। प्रयागराज के कैंट थाना इलाके में शुक्रवार को 40 वर्षीय दूध कारोबारी सुधीर यादव उर्फ ननका की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मोहल्ले के कुछ युवकों से हुए विवाद के बाद सुधीर गाली-गलौज कर रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के युवकों ने सुधीर पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। लोगों के बीच-बचाव करने से पहले ही आरोपियों ने उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिवार वाले पहले उसे बेली अस्पताल ले गए, जहां से उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, सुधीर के शरीर और पेट में गंभीर चोटें थीं। पेट में लगी चोट से उसकी आंत फट गई थी। अधिक रक्तस्राव के कारण इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। परिवार के अनुसार, कैंट थाना के बेली गांव निवासी सुधीर चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी शादी नहीं हुई थी और वह अकेले परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करता था। सुधीर की मौत से परिवार में मातम छा गया है। सुधीर के भतीजे आकाश ने तीन पड़ोसी युवकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कैंट थाना पुलिस को नामजद तहरीर दी है।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और घटनास्थल का जायजा लेकर आसपास के लोगों के बयान दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसीपी सिविल लाइंस श्याम जीत ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। केस दर्ज करने की प्रक्रिया कराई जा रही है।

# मिडटाउन रोटरी क्लब का मेगा स्वास्थ्य शिविर

**1000 से अधिक लोगों को मिली फ्री जांच और दवाएं, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दी सेवाएं**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद मिडटाउन ने सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज परिसर में एक निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर की अगुवाई रोटेरियन विदुप अग्रहरि ने की। स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित समुदाय तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के इस प्रयास में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। शिविर में प्रयागराज के जीवन ज्योति अस्पताल के डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम ने भाग लिया। इस टीम का नेतृत्व रोटेरियन डॉ. अर्पित बंसल ने किया। इसके अलावा रोटरी क्लब मिडटाउन से जुड़े अनुभवी चिकित्सक डॉ. नीरज सिन्हा, डॉ. प्रबल नियोगी, डॉ. संजीव अग्रवाल, डॉ. अनुप चौहान, डॉ. आशुतोष चौधरी, डॉ. रितेश अग्रवाल और डॉ. अंजलि सिन्हा ने भी अपनी विशेषज्ञता के अनुसार मरीजों की जांच की।



शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, हड्डी रोग, दंत चिकित्सा और नेत्र परीक्षण जैसी सेवाएं दी गईं। साथ ही मुफ्त रक्त परीक्षण और आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। इस पूरी व्यवस्था से 1000 से अधिक लोगों को सीधा लाभ मिला। रोटरी क्लब अध्यक्ष रोटेरियन विनय गोयल और सचिव रोटेरियन सौरभ अग्रवाल ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य लोगों को समय रहते स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और इलाज देना है।

इससे गंभीर बीमारियों को रोका जा सकता है। कार्यक्रम संयोजक रोटेरियन विदुप अग्रहरि ने बताया कि यह शिविर समाज के उन वर्गों के लिए है जो उच्च चिकित्सा खर्च के कारण आवश्यक उपचार नहीं करा पाते। उनका यह प्रयास मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में एक कदम है। शिविर को सफल बनाने में कई रोटेरियन सदस्यों ने स्वयंसेवी भूमिका निभाई।

# परीक्षा केंद्र पर महिला अभ्यर्थी का आधार कार्ड गायब

- **प्रिंसिपल ने लगाई फटकार, कहा- हमारा गला दबाने दौड़ी, वीडियो वायरल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, आरओ एआरओ परीक्षा के बाद एक अजीब स्थिति उत्पन्न हो गई। एक महिला अभ्यर्थी का आधार कार्ड गायब हो गया। जब महिला ने कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. फूलकली गुप्ता से इसकी शिकायत की, तो प्रिंसिपल गुस्से में आ गईं। प्रिंसिपल ने महिला पर आरोप लगाया कि वह कुछ लेकर नहीं आई थी या फिर आधार कार्ड को कहीं फेंक दिया होगा। उन्होंने कहा, ₹हम लोगों का गला दबाने दौड़ी थी। ऐसी लड़की को पुलिस के हवाले कर देना चाहिए।₹ इस पूरे विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विवाद के दौरान मौके पर कई महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद थीं। विवाद के बीच ही एक अन्य महिला कर्मचारी लड़की का गायब हुआ आधार कार्ड



लेकर वहां पहुंची। इस घटना से एक सवाल यह भी उठा कि बिना आधार कार्ड के परीक्षा में कोई अभ्यर्थी शामिल नहीं हो सकता, तो फिर यह महिला परीक्षा में कैसे शामिल हुई। जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरओ एआरओ की परीक्षा संपन्न हुई। जिले के 13 केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में करीब आधे परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

# किसानों के आमरण अनशन का मामला

**डीएम से मुलाकात के बाद मिला आश्वासन, एसडीएम लंभुआ की कार्यशैली पर उठाए सवाल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, लंभुआ एसडीएम के रवैये क्षुब्ध किसान डीएम कुमार हर्ष से मिले। उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर कार्रवाई का आश्वासन मिला है। भारतीय किसान यूनियन हिंद के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात सिंह ने बताया कि किसान संगठन के पदाधिकारियों ने 23 तारीख से अनशन शुरू किया था। उनका आरोप है कि एसडीएम लंभुआ गामिनी सिंगला द्वारा दमनकारी नीतियां अपनाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 2016 के एक मामले में क्रॉस मुकदमा दर्ज कर धारा 129 जी के तहत दो साल के लिए 2-2 लाख रुपये के मुचलके भरने का आदेश दिया गया। किसानों का आरोप है कि उन्हें दो दिन तक कोर्ट में बैठाकर प्रताड़ित किया गया। अनशन के दौरान कई किसानों की तबीयत बिगड़ी। उनका शुगर लेवल गिरने लगा और कुछ को



अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने फोन पर बातचीत की। सुहेलदेव पार्टी के जिला अध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर के पुत्र से संपर्क कराया, जिन्होंने तानाशाह अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। संयुक्त किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने भी आकर अनशन का समर्थन किया। डीएम के निर्देश पर एडीएम और एडिशनल एसपी मौके पर पहुंचे। लाभुआ कोतवाल के आग्रह पर डीएम से फोन पर वार्ता हुई। डीएम ने किसानों को मुलाकात का निमंत्रण देते हुए मामले के निस्तारण का आश्वासन दिया। किसानों ने डीएम से मुलाकात की और अपनी समस्याएं बताईं। हालांकि, किसानों की मुख्य मांग अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई अभी तक पूरी नहीं हुई है।

# दिव्यांगजनों को निशुल्क ट्राई साइकिल वितरण

- **अमेठी में समाजसेवी ने की सैकड़ों जरूरतमंदों की मदद, समाजसेवियों को मिला मानवता अवॉर्ड**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी , तिलोई विधानसभा क्षेत्र के अकबरपुर फर्शी गांव में एक सराहनीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवा समाजसेवी हाजी महताब खान द्वारा दिव्यांगजनों को निशुल्क ट्राई साइकिलों का वितरण किया गया। यह आयोजन हाजी अकबाल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इसमें अमेठी जनपद के दूरदराज गांवों से आए सैकड़ों आर्थिक रूप से कमजोर, यतीम और जरूरतमंद दिव्यांगजन शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट के संरक्षक हाजी अकबाल खान ने दीप प्रज्वलन कर एवं ट्राई साइकिल वितरित कर किया। उन्होंने कहा कि समाज की मुख्यधारा



से वंचित दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। समाजसेवी हाजी महताब खान ने कहा कि सेवा ही उनके जीवन का उद्देश्य है। जब तक जीवन है, गरीबों, बेसहारा और जरूरतमंदों की सेवा करते रहेंगे।

# पुलिस ने दो शातिर बाइक चोरों को किया

**चोरी की तीन मोटरसाइकिल, 6 इंजन और कटर बरामद, आसपास के जिलों से करते थे चोरी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक बाइक चोर और एक बाइक मिस्त्री को गिरफ्तार किया है। चोरों के पास से चोरी की तीन मोटरसाइकिल, 6 गाड़ियों के इंजन समेत अन्य पार्ट और कटर बरामद हुए हैं। यह मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के डेढ़ पसार गांव के पास का है। शनिवार की शाम कोतवाली पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने जब दोनों को रोककर बाइक के बारे में जानकारी मांगी तो बाइक चोरी की निकली। इसके बाद कड़ाई से पूछताछ



की गई। पूछताछ में चोरों ने बताया कि वे अमेठी, सुल्तानपुर, रायबरेली समेत अन्य जिलों से बाइक चोरी करते थे। चोरी की बाइकों को दुकान पर ले जाकर उनके पुर्जों को काटकर कबाड़ में बेच देते थे। पुलिस के हत्थे चढ़ा सलमान एक शातिर चोर है। उस पर अमेठी के कई थानों के अलावा रायबरेली में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। दूसरा आरोपी प्रीतम वर्मा है जो गाड़ी मिस्त्री का काम करता है। संग्रामपुर में उसकी दुकान है। उसी दुकान पर चोरी की सभी गाड़ियों को लाया जाता था। रात के अंधेरे में गाड़ियों को कटर मशीन से काटकर उसके पार्ट्स को अलग-अलग बेचा जाता था। दोनों आरोपी संग्रामपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

# हाईवे पर पलटा कैंटर, मां-बेटी की मौत

**लोगों ने चालक-परिचालक को मारपीट कर अधमरा किया, दोनों मेडिकल कॉलेज में भर्ती**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ में ताजपुर रसूलपुर पुल पर तेज रफ्तार केंटर अनियंत्रित होकर पलट गया। मां बेटी को चपेट में ले लिया। हादसे में मां बेटी की मौत हो गई। मौके से भागते चालक परिचालक को राहगीर व ग्रामीणों ने मारपीट कर अधमरा कर दिया। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां से डॉक्टर ने उनकी हालत नाजुक देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मां बेटी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक, थाना लोधा इलाके के गांव रसूलपुर के रहने वाले राजू फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। घटना के वक्त उनकी 40 वर्षीय पत्नी अंगूरी



देवी व 16 वर्षीय बेटी खुशबू व बेटा विशाल घटना के वक्त खेत की तरफ जा रही थी। तभी गभाना की तरफ से आता हुआ एक केंटर अचानक पलट गया और मां बेटी को चपेट में ले लिया। दोनों केन्टर के नीचे दबकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। शोर शराबा सुनकर ग्रामीण व राहगीर एकत्र हो गए। हादसे के बाद भाग रहे केन्टर चालक व परिचालक को लोगों ने पकड़ लिया। दोनों की जमकर पिटाई कर अधमरा कर दिया। हादसे की सूचना पर इलाका पुलिस व एम्बुलेंस मौके पर आ गई। घायल अंगूरी देवी व चालक परिचालक को जिला अस्पताल भिजवाया। उधर, खुसबू को मेडिकल कॉलेज भेजा। ईएमओ डॉक्टर फारुख अंसारी ने बताया कि अंगूरी देवी मृत अवस्था मे आई थी। उनका शव मोर्चरी में रखवा दिया। जबकि घायल राहत (चालक) व परिचालक आसिफ पुत्र जहीर निवासीगण मोहल्ला इस्लामाबाद थाना किठौर जनपद मेरठ की हालत गम्भीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायलों को गम्भीर चोट आई थी। उनका एक्सरे होना बहुत जरूरी है। घायल आसिफ ने बताया कि केन्टर में किठौर से आम भरकर आजमगढ़ जा रहे थे। तभी रास्ते मे हादसा हो गया। उधर, मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर ने खुसबू को मृत घोषित कर दिया और शव मोर्चरी में रखवा दिया।

# बाइक चोरी गिरोह का पर्दाफाश

**रिफाइनरी पुलिस ने दो शातिर चोरों को 8 चोरी की बाइक के साथ किया गिरफ्तार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, रिफाइनरी पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। भीडवाड़ इलाके में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से आठ चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अमित कुमार (21) पुत्र गिरवर सिंह निवासी गांव गेरा थाना राया और विकास चौधरी (20) पुत्र वीरपाल सिंह निवासी गांव जोगपुरा





थाना राया के रूप में हुई है। दोनों की गिरफ्तारी राया की ओर से आने वाले बरेली हाईवे पर पुल चढ़ने के स्थान पर चेकिंग के दौरान की गई। रिफाइनरी थाना प्रभारी अजय वर्मा ने बताया कि लगातार मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह की तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर इन्हें गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस जानना चाहती है कि उनके गिरोह में कौन-कौन शामिल है। साथ ही उन्होंने कहां-कहां से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। बरामद मोटरसाइकिलों में स्पलेंडर प्लस, स्पलेंडर प्लस, एक अन्य स्पलेंडर प्लस, एक लाल रंग की अपाचे बिना नंबर प्लेट, सफेद रंग की अपाचे , लाल रंग की टीवीएस बिना नंबर प्लेट, काले रंग की एचएफ डीलक्स और काले रंग की स्पलेंडर प्लस शामिल हैं।

# दीवार कूदकर घुसा युवक

**लंभुआ में महिला की बहन को खेत में खींचा, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के दो मामले**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





सुलतानपुर, जिले के गोसाईगंज और लंभुआ थाना क्षेत्र में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाना प्रभारी को शिकायत दी है। पीड़िता ने बताया कि उनके पति रोजी-रोटी के लिए बाहर गए हुए हैं। वह अपने छोटे बच्चों और वृद्ध सास के साथ घर में रहती हैं। वह खाना खाकर सो रही थीं, तभी अकील पुत्र मोहम्मद कदीर उनके घर की दीवार कूदकर अंदर घुस आया। अकील ने बुरी नियत से उसको पकड़कर खींचना शुरू कर दिया। पीड़िता के जागने और शोर मचाने पर वह धक्का देकर भाग निकला।

# बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुए कांवड़िए

**स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने जायस रेलवे स्टेशन से किया विदा, बोल बम के नारे लगे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जायस रेलवे स्टेशन से सैकड़ों कांवड़ियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री और स्थानीय विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह ने श्रद्धालुओं को विदा किया। रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने की पूरी व्यवस्था की गई थी। सभी श्रद्धालु ढोल-नगाड़े और डीजे की धुन पर नाचते-गाते जायस रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां से वे ट्रेन से



सुल्तानगंज जाएंगे। सावन के महीने में बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा बैजनाथ धाम जाकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। अमेठी जिले से भी प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हो रहे हैं। तिलोई विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से सैकड़ों कांवड़िए बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुए। सभी कांवड़िए ट्रेन से सुल्तानगंज जाएंगे। वहां से जल भरकर पैदल 120 किलोमीटर का सफर तय करेंगे। इसके बाद बाबा बैजनाथ धाम में जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ियों की विदाई के मौके पर स्थानीय विधायक और प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह मौजूद रहे। राज्यमंत्री ने सभी कांवड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें विदा किया।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी